
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



प्रतीक गांधी की फिल्म 'घमासान' का टीजर जारी



फिल्म का पहला भाग दिवाली पर

वर्ष : 12 | अंक : 213 | लखनऊ, 27 जुलाई, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ी और प्रदर्शन ने नया राजनीतिक मोड़ ले लिया

# असम के मंत्री की बेटी भी प्रदर्शन में उतरी, सरकार के खिलाफ नारे लगाए
# पुलिस और पत्रकारों पर हिंसा में शामिल टीएमसी के 14 कार्यकर्ता गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

असम के गुवाहाटी में नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन ने नया राजनीतिक मोड़ ले लिया है। इस प्रदर्शन में असम सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री और असम गण परिषद (एजीपी) नेता केशब महंता की बेटी दिबिसा भी शामिल हुईं। उनके प्रदर्शन में शामिल होने और प्रधानमंत्री के खिलाफ नारे लगाने के कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद राजनीतिक बहस तेज हो गई।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिबिसा को प्रदर्शनकारियों के साथ नारे लगाते हुए और प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए दिखाया गया है। हालांकि, इन वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। इसके बाद विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच चर्चा शुरू हो गई। इसी बीच सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने मंत्री केशब महंता का बचाव करते हुए कहा कि किसी पिता को उसकी वयस्क बेटी के राजनीतिक फैसलों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए।



*दिबिसा के वीडियो की पुष्टि नहीं हुई*

### प्रदर्शन में हिंसा पर पुलिस का बड़ा एक्शन
## तोड़फोड़ में शामिल टीएमसी की 'माफिया टीम' के आरोपी धराए



कोलकाता। नीट पेपर लीक के मामले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के धर्मतला में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और पत्रकारों के खिलाफ काफी हिंसा हुई थी। इस मामले में अब पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें टीएमसी का एक कार्यकर्ता भी है।विरोध प्रदर्शन में हिंसा करने के मामले में गिरफ्तार हुए लोगों को लेकर पुलिस ने कहा, इनमें से कोई भी छात्र नहीं है। ये सभी उपद्रवी हैं जो सीजेपी की रैली में मौजूद थे और तोड़फोड़ में शामिल थे।पुलिस ने ये भी है किसीजेपीने ईमेल के माध्यम से ये भी बताया है कि ये आंदोलन से नहीं जुड़े थे।

### वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा
## नतीजों के बाद इस्तीफा देकर प्रधान ने सही फैसला लिया, प्रदर्शन को नहीं रोका गया



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने कभी भी छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को रोकने की कोशिश नहीं की। उन्होंने ये भी कहा कि प्रधान ने दोबारा परीक्षा के नतीजों के बाद इस्तीफे की पेशकश करके समझदारी भरा फैसला लिया। एक कार्यक्रम में सीतारमण ने ये बातें कहीं। सीतारमण ने छात्रों के विरोध-प्रदर्शन से निपटने के सरकार के तरीके का बचाव किया और कहा कि हमने किसी भी समय विरोध-प्रदर्शन को रोकने की कोशिश नहीं की। उन्होंने कहा कि हर पीढ़ी युवावस्था में विरोध-प्रदर्शन करती है।

### शिक्षामंत्री का चार्ज लेते ही एक्शन
## रविवार को भी बुलाई अधिकारियों की बैठक, कामों की समीक्षा की



देशभर में 26 दिनों तक चले छात्र आंदोलन, संसद में लगातार हंगामे और आखिरकार केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान के इस्तीफे के बाद अब शिक्षा मंत्रालय की कमान प्रह्लाद जोशी के हाथों में आ गई है। जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने यह संकेत देने की कोशिश की कि मंत्रालय अब इंतजार के मूड में नहीं है। रविवार जैसे अवकाश वाले दिन भी उन्होंने मंत्रालय पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक की।

### रविशंकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस
## राहुल का बिना अनुमति धरना निंदनीय-शर्मनाक



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी के विरोध प्रदर्शन और नीट पेपर लीक के राजनीतिकरण पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने राहुल पर हमला बोला। प्रधानमंत्री आवास के सामने बिना अनुमति के धरना देने और गरिमा का उल्लंघन करने को शर्मनाक बताया।

### राहुल ने शाह को लिखा पत्र
## छात्रों को पीटने का आदेश किसने दिया?



*लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दिल्ली में 20 जुलाई को हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए। राहुल ने एक्स पर यह पत्र साझा करते हुए लिखा कि छात्रों को मारने का आदेश किसने दिया? उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बर्बर तरीके से बल प्रयोग किया गया और इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। राहुल ने लिखा कि छात्र एक निष्पक्ष और जवाबदेह शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे थे। लेकिन उनकी बात सुनने के बजाय सुरक्षा बलों ने उन पर अंधाधुंध बल प्रयोग किया। इससे सैकड़ों छात्र घायल हुए। महिला छात्रों के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की और उनके निजी अंगों को भी निशाना बनाया गया।*

### तहसीन ने किया ऐलान
## अब सड़क पर ई20 के खिलाफ होगा आंदोलन



*नीट पेपर लीक के मुद्दे पर हुए आंदोलन के बाद अब टीम भारत के संस्थापक तहसीन पूनावाला ने ई20 ईंधन नीति के खिलाफ नया आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। उन्होंने दावा किया कि ई20 नीति सबसे खराब तरीके से लागू की गई नीतियों में से एक है। उनका कहना है कि अगर इस नीति में सही सुधार किए जाएं तो लोगों को 80 से 90 रुपए प्रति लीटर के बीच शुद्ध और बिना मिलावट वाला पेट्रोल मिल सकता है। इसी मांग को लेकर उन्होंने 31 जुलाई को दिल्ली में 'गाड़ी मार्च, गांधी मार्च' निकालने की घोषणा की है। तहसीन ने लोगों से इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह मार्च इंडिया गेट से शुरू होगा और संसद मार्ग होते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और हरदीप पुरी के कार्यालय तथा आवास के बाहर पहुंचेगा।*

## खबर संक्षेप

### श्री प्रेमानंद के लिए खास मोती पोर्ट्रेट बनाया



जमशेदपुर। श्री प्रेमानंद महाराज के लिए जमशेदपुर के कलाकार विवेक मिश्रा ने भगवान श्री राधा-कृष्ण का 11गुणा 7 फीट का दुनिया का सबसे बड़ा मोती पोर्ट्रेट बनाया है। यह लगभग 4 लाख क्रिस्टल और मैट मोतियों से तैयार किया गया है। इसका आकार 11 गुणा 7 है। 3 माह से अधिक की मेहनत करके बनाया है। विश्व का सबसे बड़ा पोर्ट्रेट तैयार कर रिकार्ड बनाया है।

### असम की फैक्ट्री में धमाका, 4 की मौत



दिसपुर। असम के कछार जिले में रविवार सुबह एक फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके में कम से कम 4 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब 11:30 बजे उधारबंद थाना क्षेत्र के पंग्राम में स्थित काडे ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर एलएलपी नाम की रॉड बनाने वाली फैक्ट्री में हुआ। धमाका इतना तेज था कि फैक्ट्री के कुछ हिस्से पक्षतिग्रस्त हो गए।

### हाथ मिला लो बाद में रोना नहीं: ओवैसी



मुरादाबाद। 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले सियासी बयानबाजी गर्माने लगी है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मुरादाबाद में जनसभा के दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को मंच से गठबंधन का बड़ा ऑफर दिया है। ओवैसी ने कहा आप हाथ मिला लो फिर रोना नहीं। वे पार्टी का प्रचार कर रहे थे।

### 5 रुपए के नोट के फेर में युवक ने गंवाए 1.2 लाख



फरीदाबाद। फेसबुक पर पुराने नोट खरीदने का विज्ञापन देखकर संपर्क करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। आरोपियों ने 5 रुपए के पुराने ट्रैक्टर छपे नोट के बदले एक करोड़ रुपए देने का झांसा देकर एयरपोर्ट फीस, कस्टम, जीएसटी और अन्य शुल्क के नाम पर 1.02 लाख रुपए ठग लिए। हरियाणा के फरीदाबाद सेक्टर-आठ निवासी सुनील कुमार जैन ने पुलिस को शिकायत दी है।

## 'मन की बात' में पीएम मोदी ने देशवासियों से किया आह्वान

स्वतंत्रता दिवस स्पीच के लिए मांगे सुझाव

# हर घर तिरंगा अभियान को आगे बढ़ाएं उत्साह से अभियान को बेमिसाल बनाएं

### रेडियो कार्यक्रम के 136वें एपिसोड को प्रधानमंत्री ने संबोधित किया

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

स्वतंत्रता दिवस के करीब आते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण के लिए देशवासियों को विचार और सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने यह भी अपील की कि देशवासी इस साल भी 'हर घर तिरंगा' अभियान की भावना को बेमिसाल उत्साह और गर्व के साथ आगे बढ़ाएं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रविवार को रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ ही सप्ताह बाद हम अपनी स्वतंत्रता का महापर्व भी मनाएंगे।

15 अगस्त हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है। ये उन असंख्य वीरों को याद करने का दिन है, जिन्होंने 'भारत माता' की स्वतंत्रता के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया। उनके त्याग और तपस्या की वजह से आज हमारे हाथ में तिरंगा है। इस तिरंगे में हमारे संविधान के आदर्श हैं।

सुझाव भी आमंत्रित किया



### अपने घर पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराएं

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अभियान ने पूरे देश को एक अद्भुत भावना से जोड़ा है। हर घर-हर गली में तिरंगे का उत्सव दिखाई देता है। इस साल भी हमें 'हर घर तिरंगा' अभियान को पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ाना है। अपने घर पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराना है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि हर वर्ष 15 अगस्त से पहले आप मुझे बहुत से विचार और सुझाव भेजते हैं। इस वर्ष भी आप अपने विचार 'माईगव' पर जरूर साझा कीजिए। मुझे आपके सुझावों का इंतजार है।

### डॉ. कलाम को याद किया

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को याद किया। उन्होंने कहा कि 27 जुलाई को, भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि है। डॉ. कलाम के व्यक्तित्व में कई प्रेरक रूप थे, लेकिन, उनके हृदय के सबसे करीब एक शिक्षक की भूमिका थी। वे बच्चों और युवाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करते थे। उन्होंने कहा कि संयोग से, इसी हफ्ते हम 'गुरु पूर्णिमा' का पावन पर्व मनाएंगे। हमारे माता-पिता हमारे पहले गुरु होते हैं। स्कूल के शिक्षक हमें अक्षर ज्ञान देते हैं। मैं देश के सभी शिक्षकों और गुरुजनों को श्रद्धापूर्वक प्रणाम करता हूं।

### कश्मीर की पारंपरिक 'वगू' चटाई का किया जिक्र
### हुसैन और तंजीला की सराहना की

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में कश्मीर की पारंपरिक चटाई वगू पर चर्चा की। इसके साथ ही इस चटाई बनाने की परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए श्रीनगर के गुलाम हुसैन और उनकी बेटी की तारीफ की। जब हुनर भी हो और कुछ करने का जज्बा भी हो, तो हर राह आसान हो जाती है। कश्मीर की पारंपरिक चटाई 'वगू' को लेकर आज जो प्रयास हो रहे हैं, उसमें इसी की झलक मिलती है। इसे सरकंडे और धान के पुआल, घास से से तैयार किया जाता है। इस चटाई को बनाने की परंपरा बरसों पुरानी है। इसके लिए कश्मीर के दलदली इलाकों की घास और सरकंडे की कटाई की जाती है। धूप में सुखाने के बाद छंटाई होती है और फिर शुरू होता है हाथों से बुनाई का काम। दो कारीगरों को एक चटाई बनाने में करीब 4 दिन लगते हैं। यह चटाई अनूठी भी है और इकोफ्रेंडली भी है। एक बड़ी खासियत यह है कि आपको गर्मियों में इससे ठंडक और सर्दियों में गर्माहट मिलेगी।



### हुसैन का एक साधारण परिवार से ताल्लुकात रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले वगू चटाई हर घर में दिखती थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसका उपयोग कम होने लगा था। श्रीनगर के हुसैन और तंजीला ने एक संकल्प लिया। दोनों 'वगू' क्राफ्ट की परंपरा को एक नया जीवन देने में जुट गए।हुसैन बहुत ही साधारण परिवार से आते हैं, उनको इस काम में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन वगु के संरक्षण का उनका संकल्प अडिग था।

### सीतामढ़ी 'वेस्ट टू वेल्थ' पहल को भी सराहा



प्रधानमंत्री ने बिहार के सीतामढ़ी जिले की एक अनूठी पहल की देशभर में सराहना की। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण जैसी गंभीर वैश्विक पर्यावरणीय चुनौती का जिक्र करते हुए बताया कि सीतामढ़ी ने इसका एक आसान और प्रभावी समाधान पेश किया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वेस्ट टू वेल्थ' पहल के तहत जिले में सिंगल-यूज प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल कर मजबूत, टिकाऊ, आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल बेंच तैयार की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि एक बेंच बनाने में करीब 40 किलोग्राम सिंगल-यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है। ये बेंच आकर्षक होने के साथ-साथ लंबे समय तक उपयोग में रहने योग्य हैं और इन्हें सरकारी स्कूलों, पार्कों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जा रहा है।

### 'रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल' का सिद्धांत अपनाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल केवल लोगों को बैठने की सुविधा ही नहीं दे रही बल्कि छात्रों और आम नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है। बच्चे सीख रहे हैं कि जिस प्लास्टिक को वे पहले बेकार समझकर फेंक देते थे, वही सही तकनीक और बेहतर प्रबंधन के जरिए समाज के लिए उपयोगी संसाधन बन सकता है। उन्होंने कहा कि इससे 'रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल' का सिद्धांत अब केवल नारा नहीं, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है।

### सिद्धारमैया नहीं लड़ेंगे 2026 का विधानसभा चुनाव

## आज की राजनीति पूरी तरह भ्रष्ट हो गई, चुनाव लड़ने के लिए भी पैसा देना पड़ रहा



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के सीनियर नेता सिद्धारमैया ने चुनावी राजनीति से संन्यास लेने का ऐलान किया है। रविवार को एक्स पर पोस्ट करके उन्होंने इसे लेकर अपनी नाराजगी भी जताई। सिद्धारमैया ने कहा कि आज राजनीति पूरी तरह भ्रष्ट हो चुकी है। इसलिए मैंने फैसला लिया कि मैं साल 2028 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा। हालांकि, मैं राजनीति में सक्रिय रहूंगा और जनता के सुख-दुख की आवाज बनकर उनके लिए काम करता रहूंगा। सिद्धारमैया ने कहा कि वरुणा विधानसभा क्षेत्र के लोग एक बार फिर मुझसे चुनाव लड़ने का आग्रह कर रहे हैं, लेकिन मैंने तय कर लिया है कि अब मैं भविष्य में कोई भी चुनाव नहीं लड़ूंगा।

पहले जब मैं चुनाव लड़ता था, तब क्षेत्र की जनता ही हमारे लिए धन जुटाती थी और हमें जीत दिलाती थी। लेकिन आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। मेरी उम्र अब 79 वर्ष है। हमारी सरकार का कार्यकाल अभी करीब डेढ़ साल और बाकी है। दूसरी ओर, कर्नाटक में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार पर अंतिम फैसला लेने के लिए कांग्रेस आलाकमान पूरी तरह तैयार है और लगभग 20 मंत्री पदों के लिए कांग्रेस के 60 से अधिक विधायक होड़ में हैं।


### सिद्धारमैया ने उम्र का दिया हवाला

कांग्रेस नेता ने कहा कि साल 2028 तक मेरी उम्र 82 वर्ष हो जाएगी और तब मेरे राजनीतिक जीवन के 50 वर्ष पूरे हो जाएंगे। अब मेरा स्वास्थ्य पहले जैसा नहीं रहा और न ही पहले जैसी ऊर्जा के साथ काम करना संभव है। उन्होंने कहा कि मैंने 1978 में तालुक बोर्ड के सदस्य के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। इन पांच दशकों में मैंने जीत और हार दोनों देखी हैं। लेकिन मुझे इस बात का संतोष है कि मैंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और न ही अपनी अंतरात्मा के खिलाफ कोई काम किया।

### ईमानदार राजनीति के लिए कोई जगह नहीं

सिद्धारमैया ने कहा कि आज हालात ऐसे हो गए हैं कि चुनाव लड़ने के लिए नेताओं को जनता को पैसा देना पड़ता है। राजनीति पूरी तरह भ्रष्ट हो चुकी है और ईमानदार राजनीति के लिए कोई जगह नहीं बची है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए मैंने भविष्य में चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दशकों से राज्य की जनता ने मुझे अपना मानकर स्नेह और मार्गदर्शन दिया है। मैं इस कर्ज को कभी नहीं चुका सकता। इसलिए मेरा बाकी जीवन भी जनता की सेवा और उनके हितों के लिए समर्पित रहेगा। पोस्ट के अनुसार सिद्धारमैया ने शनिवार को मंड्या जिले पेट में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में ये बातें कही थीं।

### दक्षिणी राज्यों में कोरोना का बढ़ा खतरा
## अस्पतालों को किया सतर्क इमरजेंसी बेड बनाने को कहा



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कोरोना के दौर की डरावनी यादें शायद ही कोई भूल पाया होगा। इसकी तीन लहरों के दौरान अस्पतालों के बाहर लंबी कतारें, ऑक्सीजन की कमी, मास्क और सेनिटाइजर हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गए थे। हम सभी मानने लगे थे कि अब खतरा टल गया है।हालांकि कोरोना फिर से दस्तक देता दिख रहा है। पिछले करीब एक महीने से देश के कई राज्यों जैसे महाराष्ट्र, केरल, आंध्र-प्रदेश और तेलंगाना से संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी की खबरें हैं। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कोविड-19 के मामलों में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह बढ़ोतरी भले ही महामारी के दौर जैसी नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसे नजरअंदाज करने की गलती न करने की सलाह दे रहे हैं। राज्य सरकारों ने निगरानी बढ़ा दी है, अस्पतालों को सतर्क रहने को कहा गया है और संदिग्ध मामलों की टेस्टिंग की जा रही है।

### आंध्र प्रदेश में संक्रमण के करीब 50 मामले

आंध्र प्रदेश में कोविड-19 के 10 नए मामले सामने आए। मामलों की संख्या बढ़कर 49 हो गई है। 4लोगों की मौत भी हो चुकी है। 24 मरीज अस्पतालों में हैं, जबकि 16 मरीज मेडिकल देख-रेख में घर पर हैं। 5 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। पूर्वी गोदावरी जिले में सबसे ज्यादा 11 मामले दर्ज किए गए हैं। गुंटूर में 9 मामले दर्ज किए गए, इसके बाद कडप्पा में 8, विशाखापत्तनम में 5, एनटीआर में 3 और काकीनाडा, एलुरु और बापटला में 2-2 मामले सामने आए।

## प्रधानमंत्री ने 'विकसित वाइब्रेंट विलेज' में की प्रतिभागियों से बात

'माई भारत' के स्वयंसेवकों ने अनुभव साझा किया

# विकसित भारत की रोशनी देश के दूरदराज क्षेत्रों तक पहुंच रही

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम 2026 के प्रतिभागियों से बातचीत की। इस दौरान 'माई भारत' के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। एक 'माई भारत' स्वयंसेवक ने कहा कि इस कार्यक्रम ने उन्हें देश के सीमावर्ती गांवों का दौरा करने का अवसर दिया।

उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसे गांवों को देखने का मौका मिला, जहां जाने की उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। एक अन्य 'माई भारत' स्वयंसेवक ने कहा कि जब उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली, तब उन्हें महसूस हुआ कि विकसित भारत की रोशनी देश के दूरदराज के इलाकों तक पहुंच रही है। स्कूलों में भी विकसित भारत की सोच दिखाई दी।




### 245 जिलों के 5000 जेन जेड से एक साथ जुड़े

*इस खास कार्यक्रम में देश के 245 जिलों के 5000 से अधिक छात्र और युवा प्रतिनिधि एक साथ जुड़े। इस संवाद का मुख्य उद्देश्य भारत के सीमावर्ती गांवों को देश का अंतिम गांव न मानकर उन्हें पहला गांव स्वीकारना और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं को सक्रिय भागीदार बनाना है।*

### चांगो पहुंचकर पनिकिता ने कहा- सड़कें देखकर हैरान हूं

*प्रतिभागी निकिता ने बताया कि चांगो जाने से पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर देखे गए वीडियो के आधार पर यह मान लिया था कि वहां न मोबाइल नेटवर्क होगा और न ही बिजली की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि जब वह वहां पहुंचीं और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच बनी मजबूत सड़कों को देखा तो हैरान रह गईं।*

### दादर-नागर हवेली के दिव्यांश ने जताया आभार

कार्यक्रम के दौरान दादर-नागर हवेली के युवा प्रतिभागी दिव्यांश जोशी ने प्रधानमंत्री से कहा कि मेरे जैसे आम युवाओं को देश के दूरदराज और सीमावर्ती गांवों में जाने और वहां रहने का मौका दिया। इस अद्भुत और सीख देने वाले अनुभव के लिए मैं आपका और पूरी टीम का दिल से धन्यवाद करता हूं।

### ग्रामीणों ने कहा- सड़क, नलजल और नेटवर्क की सुविधा मिली

कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने कहा कि अब क्षेत्र में चौबीसों घंटे बिजली और मोबाइल नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के कारण स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उनका भरोसा बढ़ा है और उनका जीवन पहले की तुलना में अधिक आसान हुआ है। कई सुविधाएं अब ग्रामों में ही मिल रही हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**परिजनों ने युवक पर बहला फुसला कर भगा ले जाने का लगाया आरोप,**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र से 2 दिन पहले एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने एक युवक पर उसे बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले पीड़ित का कहना है कि 24 जुलाई की सुबह जब वह सो कर उठा, तो उसकी 14 वर्षीय बेटी घर पर नहीं मिली। इसके बाद उसकी काफी खोजबीन की गई, तभी खोजबीन के दौरान पता चला कि बेटी को थाना क्षेत्र के ही गौरी विहार फेस - 2 में रहने वाला युवक अभिनव निगम उर्फ लकी अपने साथ कहीं बहला फुसला कर भगा ले गया है।इसके बाद पीड़ित ने मामले की तहरीर सरोजनी नगर थाने में दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे किशोरी और आरोपी का पता लगा रही है।

## सवर्ण समाज के अधिकारों को प्रमुखता से उठाएगी जन विश्वास पार्टी -सुनील शक्ला

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। पार्टी विस्तार और कार्यकताओं के साथ बैठक कर आज जन विश्वास पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक अमौसी में संपन्न हुई। उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों एवं कार्यकताओं को पार्टी को मजबूत बनाने के दिए गए मंत्र के साथ अब और तेजी से आगे बढ़ेगी जन विश्वास पार्टी। आज अमौसी स्थित कार्यालय पर जन विश्वास पार्टी की बैठक संपन्न हुई पार्टी की इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी का विस्तार करना पार्टी से लोगों को जोड़ना और विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना रहा था। मंच का संचालन वीरेंद्र सिंह द्वारा किया गया मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए देवपाल सिंह चौहान प्रदेश महासचिव ने कहा किया यह पार्टी नहीं ₹मिशन₹ है इस मिशन के लिए हमें बड़ी तपस्या करनी है सवर्ण समाज जिस पीड़ा से आहत है पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला जी इस पीड़ा का अंत करने के लिए जन विश्वास पार्टी के माध्यम से आपकी बात सदन तक पहुंचाना चाहते हैं आज जितने भी सवर्ण विधायक हैं उनमें से कोई भी एक नहीं है जो सदन में सवर्ण की बात उठाता हो। हम यकीन दिलाते हैं यदि सरोजिनी नगर विधानसभा ने एक प्रतिनिधि को सदन में भेजने का संकल्प ले लिया तो वह सदन में सवर्ण समाज के हक और अधिकार के लिए, यूजीसी रोलबैक, एससी एसटी एक्ट काले कानून को समाप्त करने पर आवाज जरूर उठाएगा और यह काम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सरोजिनी नगर से प्रत्याशी सुशील शुक्ला जी अवश्य करेंगे। मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने कहा की जन विश्वास पार्टी सवर्ण समाज की आवाज है हम उसके हक और अधिकार के लिए संघर्षरत हैं 2027 विधानसभा चुनाव में पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता स्वयं में सुशील शुक्ला बनाकर लड़ेगा कार्यकताओं को पार्टी से जोड़ेगा और मिशन को सफल बनाने के लिए जूझेगा संघर्ष करेगा तो निश्चित ही पार्टी सदन में प्रतिनिधित्व करेगी और सरकार भी बनाएगी। उन्होंने कहा समान नागरिक संहिता लागू करना, जातिगत आरक्षण को समाप्त कर आर्थिक आधार पर हर गरीब कमजोर वंचित दिव्यांगजन को आरक्षण का लाभ देकर उन्हें अगली पंक्ति में खड़ा करना , यूजीसी कानून को समाप्त करना, जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करना और सरकार बनी तो प्रदेश के हर नागरिक को फ्री में बिजली उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। एससी एसटी एक्ट से पीड़ित सवर्ण समाज आज पीछे जा रहा है उसका सामाजिक, आर्थिक पतन हो रहा है और यह एक सुनियोजित षड्यंत्र है सभी दलों ने बारी-बारी से सवर्ण समाज का शोषण किया है लेकिन अब यह शोषण बंद होगा और यह कार्य जन विश्वास पार्टी करेगी। कार्यकताओं से आवाहन करते हुए सुशील शुक्ला ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता 25-25 सक्रिय कार्यकताओं को जोड़ने का संकल्प लेकर जाएगा और पार्टी को मजबूत करेगा पार्टी के कार्यकर्ता की यह कर्मठता निश्चित ही पार्टी को शिखर तक पहुंचाएगी और सवर्ण समाज की पीड़ा का अंत होगा। इससे पहले सभा को संबोधित करते हुए राज सिंह चौहान ने कहा की जन विश्वास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला जी के विचार हम सबके लिए प्रेरणादायी हैं उनका संघर्ष हमारा आदर्श है और हम युवा जन विश्वास पार्टी की विचारधारा को स्वीकार करते हुए पूरे जी जान से सरोजिनी नगर विधानसभा से सुशील शुक्ला जी को सदन भेजने का काम करेंगे। विशाल सिंह राजावत अध्यक्ष शांति नगर उद्योग व्यापार मंडल ने कहा कि हम जन विश्वास पार्टी को सफलता के शिखर पर पहुंचने तक संघर्ष करेंगे हमारे समाज से कोई निकल कर आगे तो आया जो जातिगत आरक्षण, एससी एसटी एक्ट, यूजीसी जैसे विषय के साथ मजबूती से खड़ा है हम उसके साथ हैं। हम सुशील शुक्ला जी को सरोजिनी नगर से सदन भेजने का काम करेंगे। बैठक में श्री गोविंद मणि तिवारी, अक्षय तिवारी, देशराज सिंह, रमन श्रीवास्तव, मंटू बाजपेई, आदित्य सिंह, सतीश द्विवेदी, राहुल सिंह, सोभनाथ पांडेय, रणविजय मिश्रा एवं सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली पुलिस मुख्यालय (ईओडब्ल्यू) में तैनात निरीक्षक अफसाना खान ने पड़ोस में रहने वाली एक महिला के खिलाफ पथराव, गाली-गलौज, अभद्रता और धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सरोजनी नगर के बाग नंबर - 2 बेहसा निवासी अफसाना खान के मुताबिक वह पुलिस मुख्यालय (ईओडब्ल्यू) में निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। उनका कहना है कि उनके घर के सामने रहने वाली रजनी वर्मा आए दिन उनके घर के बाहर गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग करती है। आरोप है कि वह धारदार हथियार (बांका) लेकर घूमती रहती है और उन्हें, उनके परिवार व आठ वर्षीय भांजे अयान को जान से मारने की धमकी देती है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी महिला ने बांके से काट डालने की धमकी भी दी, जिसकी घटनाएं घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हैं। आरोप है कि 12 जुलाई की शाम अयान घर के बाहर खेल रहा था, तभी महिला बांका लेकर उसे दौड़ाने लगी। बच्चा शोर मचाते हुए घर की ओर भागा तब अफसाना के विरोध करने पर आरोपी ने उसके ऊपर बड़ा पत्थर फेंका, जिससे अफसाना खान घायल हो गई।बाद में अफसाना ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना पर पीआरवी-112 मौके पर पहुंची, लेकिन आरोप है कि पुलिसकर्मियों के सामने भी महिला गाली-गलौज और धमकी देती रही। फिलहाल पुलिस ने निरीक्षक अफसाना की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नाबालिग किशोरी को ब्लैकमेल करके किया दुष्कर्म ,आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में एक किशोरी को ब्लैकमेल कर उससे दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली कक्षा 12 की 16 वषीर्या छात्र की करीब साल भर पहले एक युवक से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हो गई। इसके बाद युवक ने विवाहित होने के बावजूद खुद को अविवाहित बताकर उसके साथ शादी करने का झांसा देते हुए कई बार अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने किशोरी का वीडियो भी बना लिया। इस दौरान आरोपी ने किशोरी से कुछ गहने भी ले लिए। बाद में जब पीड़ित किशोरी को उसके विवाहित होने के बारे में पता चला, तब उसने उस पर शादी का दबाव बनाया। लेकिन आरोपी ने शादी से साफ इनकार कर दिया, बल्कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे अपनी हवस का शिकार बनाता रहा। बाद में परेशान पीड़िता ने अपने परिजनों को मामले से अवगत कराया। इसके बाद किशोरी के पिता ने 24 जुलाई शुक्रवार को सरोजनी नगर थाने में तहरीर देकर यहीं के अमौसी गांव निवासी अभिषेक सिंह उर्फ गोलू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने बाद में जब आरोपी की तलाश शुरू की तो आरोपी युवक फरार मिला। जिसके बाद पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से उसे 25 जुलाई शनिवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी अभिषेक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को उसे जेल भेज दिया है।

## शादी का सपना टूटा तो प्रेमी युगल ने चुन लिया मौत, फांसी लगाकर दे दी जान, मची सनसनी

**अयोध्या दर्शन के बाद लखनऊ आकर कमरे मे लगा फांसी, परिजन रहे तलाशते।**

अमन लेखनी समाचार




पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र तेलीबाग न्यू बल्देव बिहार कालोनी से रविवार तड़के भोर मे एक दर्दनाक घटना सामने आयी। जहां रात में प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दिया। देर रात कमरे पर पहुचे परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुची स्थानीय पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए मौके पर फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किया। पुलिस ने फांसी के फंदे से उतार आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक परिवार किराए पर रहता है। मृतक युवक युवती दोनो रिस्ते मे भाई बहन लगते थे और शादी करना चाहते थे जिसके लिए दोनो के परिजन तैयार नही थे। जानकारी के अनुसार रविवार तड़के भोर में थाना पीजीआई क्षेत्र न्यू बल्देव बिहार तेलीबाग मे प्रेमी युगल का किराए के कमरे मे फांसी कज फंदे पर शव मिलने से इलाके मे सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची थाना पीजीआई पुलिस ने दोनो के शवो को फंदे से उतार कर पीजीआई अपेक्स ट्रामा सेंटर भिजवाया जहां चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की छानबीन करते वैधानिक कार्यवाही करते हुए दोनो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीजीआई इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र तेलीबाग स्थित न्यू बलदेव विहार कॉलोनी में रविवार तड़के प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव किराए के मकान के प्रथम तल पर बने कमरे में सीलिंग फैन से अलग-अलग कपड़ों के फंदे पर लटके मिले। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक युवक की पहचान जनपद शाहजहांपुर के थाना निगोही क्षेत्र निवासी अनिकेत जयसवाल उर्फ रानू कुमार (21) और नोएडा की खोड़ा कॉलोनी निवासी अंजलि जयसवाल (19) के रुप मे हुई है। मृतक युवक के माता-पिता न्यू बल्देव बिहार कालोनी तेलीबाग पीजीआई लखनऊ मे अनुक्रम सिंह किराए पर रहकर मजदूरी करते है। फिलहाल पुलिस ने पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।

### इश्क का दर्दनाक अंजाम, शादी नही हुई तो चुन लिया मौत

पुलिस के अनुसार मूल रुप से शाहजहांपुर निवासी मृतक अनिकेत जयसवाल अपने माता-पिता के साथ लखनऊ मे किराए पर रहता था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक के सगी बुआ की लड़की अंजलि से लंबे समय से प्रेम संबंध था और वे दोनो विवाह करना चाहते थे। लेकिन परिजन इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। पुलिस के मुताबिक दोनों एक ही समाज से थे ।

### कानपुर रेलवे स्टेशन से भागे प्रेमी युगल ने लखनऊ में दे दी जान

पुलिस पूछताछ में परिजनों ने बताया कि मृतक युवक अनिकेत 23 जुलाई को अहमदाबाद जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन वह नोएडा पहुंच गया जहां से दोनों घर छोड़कर अयोध्या चले गए। युवती के परिजनों ने तलाश के दौरान दोनों को अयोध्या पहुंचकर से साथ ले लिया और वहां इटावा स्थित रिश्तेदार के यहां ले जा रहे थे। इसी दौरान कानपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन बदलने के दौरान दोनों मौका पाकर फरार हो गए और लखनऊ पहुंच गए। बाद में जब परिजन उन्हें तलाशते हुए लखनऊ के तेलीबाग किराए के कमरे पर पहुंचे तो दोनों फंदे से लटके मिले।

एसीपी गोसाईगंज - ऋषभ यादव ने बताया कि तेलीबाग पीजीआई में युवक युवती का कमरे मे शव मिलने की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम ने बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए गए है प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मायके में विवाहित ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के उतरहटा गांव में रविवार को एक विवाहिता ने घर के अंदर फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, मायका उतरहटा निवासी शालिनी यादव (22) पिछले करीब तीन माह से अपने मायके में रह रही थीं। रविवार शाम उनकी मां रामवती किसी काम से घर से बाहर गई थीं। इसी दौरान शालिनी ने कमरे के अंदर छत के कुंडे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब परिजन घर लौटे तो वह फंदे से लटकी मिलीं। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। पिता रामकुमार ने बताया कि शालिनी की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले काकोरी थाना क्षेत्र के भवानीखेड़ा निवासी मुलायम यादव से हुई थी। घर में शादी समारोह होने के कारण वह पिछले तीन महीनों से मायके में रह रही थीं। परिजनों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव भी चल रहा था। शालिनी अपने परिवार में दो बहनों और दो भाइयों के बीच थीं। उसकी मौत से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## एयरपोर्ट पर बम की झूटी सूचना देने वाला युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात बम की सूचना से हड़कंप मचने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने बारीकी से पूरे एयरपोर्ट की जांच पड़ताल की। लेकिन ऐसा कुछ नहीं मिला। बाद में पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर एनसीआर में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात करीब 11:45 बजे मोबाइल नंबर 7518554090 से एक व्यक्ति द्वारा डायल 112 पर लखनऊ एयरपोर्ट पर बम होने की सूचना दी गई । यह सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वाड, फायर ब्रिगेड व इमरजेंसी सेवाओं को सूचना देकर आनन-फानन एयरपोर्ट की सघन चेकिंग की गई। सुरक्षा एजेंसियों ने काफी देर तक पूरे एयरपोर्ट परिसर की गहनता से जांच पड़ताल की।लेकिन एयरपोर्ट परिसर में ऐसी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं जाँच के दौरान सूचना देने वाले व्यक्ति को कई बार फोन भी किया गया। लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ बताता रहा। जबकि रात करीब 12 बजे से 1 बजे तक चले सघन तलाशी अभियान के दौरान एयरपोर्ट के सभी प्रवेश गेट पर स्क्रीनिंग करने के साथ यात्रियों के सामानों की गहनता से जांच की गई। पूरे एयरपोर्ट सहित कार्गो टर्मिनल पर भी सीआईएसफ ने गश्त की।लेकिन बाद में सुरक्षा एजेंसियों ने इस सूचना के फर्जी होने की पुष्टि की। तब सभी ने राहत की सांस ली हालांकि एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। वहीं इस मामले में सरोजनीनगर थाने के उप निरीक्षक निशु चौधरी ने मोबाइल नंबर के आधार पर रविवार सुबह सरोजनीनगर थाने में आरोपी के खिलाफ एनसीआर में मामला दर्ज कराया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सर्विलांस के माध्यम से उक्त नंबर को ट्रेस कर कानपुर के बिधूना स्थित जयसिंहपुर निवासी राज किशोर के बेटे श्याम सुंदर (30) को कानपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि शराब के नशे में उसने यह करतूत की थी। फिलहाल पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को उसे जेल भेज दिया है।

## अज्ञात कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया, जिससे उसमें सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में अमेठी जिले के मोहनगंज स्थित फूला, तिलोई निवासी आशुतोष शुक्ला ने अज्ञात कर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आशुतोष शुक्ला के मुताबिक 20 जुलाई 2026 को दोपहर करीब तीन बजे वह एयरपोर्ट की तरफ से कानपुर रोड होते हुए ई-रिक्शा से आलमबाग नहरिया चौराहे की ओर जा रहा था। इसी दौरान कानपुर रोड पर बीमा अस्पताल के पास पीछे से आई एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाएं से ओवरटेक करते हुए रिक्शे में जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि चालक ने दोबारा टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया, जिससे रिक्शा पलट गया और वह बेहोश हो गया। होश आने पर उसने खुद को ईएसआईसी (बीमा) अस्पताल में पाया। उसका कहना है कि हादसे में उसका दाहिना हाथ और घुटना फ्रैक्चर हो गया। साथ ही सिर में गंभीर चोटें आईं और शरीर के कई हिस्सों की त्वचा छिल गई। बाद में पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी ।फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे अज्ञात कार का पता लगा रही है।

## पढ़ाई में पीछे छूटे बच्चों को मुख्यधारा में लायेगी योगी सरकार

### 31 जुलाई तक सभी विद्यालयों में प्रदर्शित होगी आईईसी सामग्री

अमन लेखनी समाचार


**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने बुनियादी शिक्षा में अधिगम अंतर (लर्निंग गैप) को समाप्त करने के लिए कैच-अप शिक्षण अभियान को और गति देने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों, बीआरसी, बीएसए कार्यालयों और डायट में 31 जुलाई तक कैच-अप शिक्षण, निपुण लक्ष्य, कक्षा शिक्षण की 10 प्रभावी प्रथाओं तथा रीडिंग कैंपेन से संबंधित आईईसी सामग्री प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित की जाएगी।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने इस संबंध में सभी सहायक शिक्षा निदेशकों (बेसिक), डायट प्राचार्यों, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों, एसआरजी तथा एआरपी को समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार संबंधित सामग्री का मुद्रण कर उसे विद्यालयों और शिक्षा कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि शिक्षक प्रतिदिन इन शैक्षणिक संदेशों का उपयोग कक्षा शिक्षण में कर सकें। योगी सरकार का उद्देश्य दक्षता आधारित शिक्षण की एक समान कार्यसंस्कृति विकसित करना और प्रत्येक बच्चे को उसकी कक्षा के अनुरूप अधिगम स्तर तक पहुंचाना है। इसके लिए कैच-अप शिक्षण अभियान के प्रभावी संचालन हेतु 15 सूत्रीय रणनीति तैयार की गई है। इसमें अधिगम स्तर से पीछे रह गए बच्चों की पहचान, आधारभूत दक्षताओं का आकलन, स्तरानुसार समूह बनाकर शिक्षण, गतिविधि आधारित शिक्षण, नियमित अभ्यास, सतत मूल्यांकन, अभिभावकों की सहभागिता और बच्चों की प्रगति की निरंतर निगरानी को प्रमुखता दी गई है। विद्यालयों में प्रदर्शित किए जाने वाले 'निपुण लक्ष्य' पोस्टरों में बालवाटिका से कक्षा पांच तक भाषा, गणित, पर्यावरण अध्ययन और अंग्रेजी विषयों के स्पष्ट अधिगम लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इससे शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामने प्रत्येक कक्षा की अपेक्षित दक्षताएं स्पष्ट रहेंगी तथा शिक्षण को अधिक परिणामोन्मुख बनाया जा सकेगा। इसके साथ ही कक्षा शिक्षण की 10 प्रभावी प्रथाओं को बढ़ावा दिया जाएगा, जिनमें बच्चों की सक्रिय सहभागिता, गतिविधि आधारित शिक्षण, खुले प्रश्नों का प्रयोग, लेखन एवं पठन अभ्यास, शिक्षण-अधिगम सामग्री का प्रभावी उपयोग और सहयोगात्मक अधिगम शामिल हैं।

**● कैच-अप शिक्षण अभियान को मिलेगी नयी गति**

रीडिंग कैंपेन के माध्यम से विद्यालयों में पठन संस्कृति को मजबूत करने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। इसके तहत रीडिंग कॉर्नर, पुस्तक चर्चा, कहानी वाचन और अन्य नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित की जाएगी, जिससे उनकी भाषा दक्षता, अभिव्यक्ति क्षमता और सीखने के स्तर में निरंतर सुधार हो सके।

## लायंस इंटरनेशनल मण्डल की कैबिनेट मीटिंग सम्पन्न




अमन लेखनी समाचार

**लखनज्ञऊ।** लायंस इंटरनेशनल मण्डल 321बी1 की वर्ष 2026-27 की प्रथम कैबिनेट मीटिंग का आयोजन होटल आईटीसी फॉरच्यून में सम्पन्न हुई। सभा में 400 से अधिक सदस्यों ने प्रतिभाग किया तथा वर्तमान सत्र की योजना और रूपरेखा बनाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलाध्यक्ष लायन परमजीत सिंह ने की तथा सभा संचालन कैबिनेट सेक्रेटरी लायन सीए सुदीप कुलश्रेष्ठ ने किया। लायन सीए दुर्गेश बंसल ने बजट प्रस्तुत किया। सदस्यों ने सेवा कार्यों को और गति देने पर बल दिया, जिससे समाज में अंतिम छोर पर बैठे पीड़ित मानव की सेवा में पहुंचा जा सके।

पूर्व मंडलाध्यक्षों ने सदस्यता वृद्धि और अधिक दान देने की आवश्यकता बताई। लायंस क्लब बिना किसी सरकारी मदद के सदस्यों के चंदे से ही सेवा कार्य करता है। विश्व में 210 से अधिक देशों में अपनी उपस्थिति के साथ लायंस क्लब कभी भी सेवा का सूर्य अस्त नहीं होने देता है। विश्व में कहीं न कहीं कोई लायन सदस्य हर क्षण सेवा कर रहा होता है।

## गोचर भूमि पर हरित चारा अभियान : 39,721 हेक्टेयर भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में गोवंश संरक्षण और हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गोचर भूमि पर हरित चारा आच्छादन अभियान को तेज गति से संचालित कर रही है। इस अभियान के तहत अब तक 39,721 हेक्टेयर गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा चुका है, जबकि प्रदेश की 58,115 ग्राम पंचायतों में कुल 61,118.85 हेक्टेयर गोचर भूमि उपलब्ध है।

ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित 6,287 अस्थायी एवं स्थायी गो-आश्रय स्थलों में से 5,050 गो-आश्रय स्थलों को 10,421.45 हेक्टेयर गोचर भूमि से जोड़ा गया है, जिससे गोवंश के लिए हरे चारे की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि गोचर भूमि पर हरित चारा आच्छादन के मामले में हरदोई प्रदेश में सबसे आगे है, जहां 462.76 हेक्टेयर क्षेत्र में हरित चारा लगाया गया है। इसके बाद फतेहपुर (176.69 हेक्टेयर), रायबरेली (163.33 हेक्टेयर), संभल (152.74 हेक्टेयर),

- **58,115 ग्राम पंचायतों में 61,118 हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि उपलब्ध**
- **6,287 गो-आश्रय स्थलों के लिए चारे की व्यवस्था को मिलेगा बल**

आगरा (151.00 हेक्टेयर), अलीगढ़ (150.00 हेक्टेयर), बहराइच (133.56 हेक्टेयर), बाराबंकी (121.28 हेक्टेयर), फिरोजाबाद (115.00 हेक्टेयर) और हमीरपुर (107.00 हेक्टेयर) का स्थान है। प्रदेश सरकार ने चारे और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है।

विशेष रूप से बुंदेलखंड सहित चारे की कमी वाले जनपदों की पहचान कर अधिक उत्पादन वाले जिलों से अंतरजनपदीय स्तर पर चारा और भूसा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त अधिसूचित वन क्षेत्रों से घास और अन्य चारे की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए असंतुलित चारे से होने वाली नाइट्रेट एवं नाइट्राइट विषाक्तता से बचाव संबंधी एडवाइजरी जारी की गई है।

## संक्षेप

### कारखाने के बाहर खड़ा रोटावेटर चोरों ने किया पार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के उन्नाव लालगंज मार्ग के कोरारी मोड स्थित एक कृषि यंत्र बनाने वाले कारखाने के बाहर खड़ा रोटावेटर अज्ञात चोर पार कर ले गए।जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है।पीड़ित ने घटना की लिखित सूचना थाने में दी है। अचलगंज थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित कोरारी मोड के पास नीरज गुप्ता की चेतक एग्रो इंड्रस्टीज के नाम पर कृषि यंत्र बनाने का कारखाना है।बीती रात अज्ञात चोरों ने मेन रोड के किनारे स्थित मुख्य गेट पर रखा एक लाख कीमत का रोटावेटर पार कर ले गए। दुकानदार को घटना की जानकारी रविवार सुबह दुकान खोलने पर हुई।कारखाना संचालक नीरज गुप्ता ने डायल 112 को सूचना देने के साथ थाने जाकर महिला हेल्प डेस्क में लिखित तहरीर दिया है।

### दो दशकों से तिरपाल के नीचे जिंदगी गुजार रहा परिवार, आवास की आस

उन्नाव। असोहा भाग दौड़कर थक चुके मोनू ने संवाददाता को बताया की दो भाइयों के साथ इधर 18 वर्षों से तिरपाल के नीचे गुर्जर बसर करते चल आ रहा है कितने भी प्रधान आए और चले गए सबसे फरियाद की लेकिन किसी ने हमारी ओर ध्यान नहीं दिया यह बात संवाददाता को मोनू ने बताई जनपद उन्नाव पुरवा तहसील विकासखंड असोहा निवासी मोनू तिवारी ने कहां की उन्होंने कई बार प्रधान से भी कहा पर उनकी किसी ने ध्यान नहीं दिया जब कि उनके साथ एक मानसिक विक्षिप्त भाई भी रहता है सबसे ज्यादा दिक्कत उन्हें बरसात में होती है जिससे वह टपकते पानी से बचाव करते हुए सारी रात बैठ कर काटते हैं और वह गांव से दूर 1 किलोमीटर जंगल में रहते हैं, उन्होंने पूछने पर बताया किबीजेपी के कट्टर समर्थक भी है।फिर भी डबल इंजन की सरकार का उन्हें लाभ नहीं मिल पाया है।

### लोहे का मुख्य गेट गिरने से नौ वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरसेनी में में लोहे का मुख्य गेट गिरने से नौ वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्राम सुरसेनी निवासी सईद की 9 वर्षीय पुत्री साजिया रविवार को अपने घर का मुख्य लोहे का गेट बंद कर रही थी।इसी दौरान अचानक गेट अपने कब्जों से उखड़कर उसके ऊपर गिर पड़ा। गेट के नीचे दबने से बच्ची को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने आनन-फानन में बच्ची को सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

## पत्रकार संगठन ने वृहद वृक्षारोपण अभियान में दर्जनों पौधे रोपे, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को विकासखंड क्षेत्र हिलौली की ग्राम पंचायत अहेसा स्थित पंचायत भवन परिसर, विद्यालय व आदर्श तालाब में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य का आधार भी हैं। उन्होंने सभी लोगों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के संयोजक एवं संगठन के महामंत्री रामबाबू लोधी ने कहा कि वृक्षारोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधों का नियमित संरक्षण और संवर्धन भी किया जाए। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से पौधों की देखरेख का संकल्प लेने की अपील की। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि रवि रावत ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ और हरित वातावरण समाज के बेहतर भविष्य की पहचान है तथा ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए। कार्यक्रम के दौरान राजेश चौधरी, रामबाबू लोधी, संतोष शुक्ला, गौरी शंकर सिंह, साहित्य शुक्ला, विनीत अवस्थी, प्रधान प्रतिनिधि रवि रावत, अर्जुन, अजय, अर्जुन वर्मा, सुखदेव, महेश रावत, सचिन, रामखेलावन सविता, संतोष लोधी एवं भोला लोधी सहित अनेक पत्रकार, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का सामूहिक संकल्प लिया।

## कंधे पर पीपल-बरगद, मन में हरियाली का संकल्प; वदीर्धारी अनूप मिश्रा बाँट रहे प्राकृतिक एसी

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस में सीनियर सब इंस्पेक्टर एवं पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा अपूर्व लोगों को पीपल, बरगद और नीम के पौधे बाँटकर इन्हें भविष्य का स्थायी प्राकृतिक एसी बता रहे हैं। पेड़ वाले पुलिस अंकल, ट्री मैन ऑफ यूपी और ऑक्सीजन मैन ऑफ यूपी के नाम से प्रसिद्ध मिश्रा गाँव-गाँव और मोहल्लों में पहुँचकर लोगों को पौधारोपण एवं वृक्षरक्षा का संकल्प दिला रहे हैं।

ग्रीन भारत अभियान के तहत जनसहयोग से अब तक दो लाख से अधिक पौधों का रोपण, 20 हजार से अधिक पौधों के लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था तथा एक हजार से अधिक पर्यावरण पाठशाला, इको क्लास और प्रकृति संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। करीब तीन हजार स्कूलों को अभियान से जोड़ने और पाँच लाख से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाने का दावा है। पौधों की निगरानी के लिए जियो टैगिंग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय वृक्ष बरगद के संरक्षण के लिए उन्होंने बरगद बचाओ महाअभियान—मैं हूँ मित्र बरगद का शुरू किया है, जिसे वट सावित्री व्रत से जोड़कर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जा रही है। बरगद को विरासत वृक्ष का दर्जा दिलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चल रहा है।

अब गाँव की चौपालों से शहर के मोहल्लों तक वृक्ष जल कथा—पर्यावरण चौपाल आयोजित कर पेड़-पौधों, नदियों, तालाबों और पोखरों के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। स्कूल-कॉलेजों में ग्रीन टास्क फोर्स, ग्रीन कैंपस-क्लीन कैंपस, जियो टैगिंग और सेल्फी विद पौधा अभियान भी चलाए जाएंगे।

अनूप मिश्रा कहते हैं, ह्लपेड़-पौधे और नदियाँ केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और जीवन का आधार हैं। प्रकृति से आत्मिक संबंध ही उसके संरक्षण को स्थायी बना सकता है और मेरे इस अभियान में उन्नाव के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा शिक्षक डॉ प्रदीप कुमार वर्मा मेरे अभिन्न सहयोगी हैं और उनके साथ मिलकर हजारों शिक्षक इस महाअभियान में जुड़ कर इसे धरातल पर अमली जामा पहना रहे हैं।

## पौधरोपण महाअभियान के तहत लगाए गए पौधे

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के कन्दरपुर गांव में मोदी जी के नेतृत्व में चल रहे एक पेंड माँ के नाम के आह्वान पर पौधरोपण महाअभियान के तहत कुटी बीर बाबा सेवा संस्थान के द्वारा नहर की पटरी पर आम , जामुन , पीपल , आंवला आदि के पौधे लगाए गए । पौधरोपण के दौरान भाजपा नेता संजय शुक्ल ने लोगो से पौधरोपण करने की बात कही साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आप सभी चाहे एक ही पेंड लगाए लेकिन उस की देखभाल माँ की तरह करे , पेंड लगाने के बाद उसकी देखभाल करना न भूले । उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि वर्तमान परिवेश में पेंडो की अंधाधुंध कटान से पर्यावरण पर बहुत ही गहरा असर पड़ा है ,जिसके चलते कही बारिश हो रही तो कही गर्मी ज्यादा पड़ रही है,पर्यावरण को यदि बचाना है तो हम सभी लोगो को आगे आना होगा ।इस दौरान अनूप अवस्थी , रामशंकर यादव , अनुज सोनी , अमन विश्वकर्मा ,प मेवालाल पाल , राजेन्द्र यादव , नैतिक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।



## परियर करोवन मार्ग पर सात फीट गहरा गड्ढा बना हादसे का सबब

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। परियर करोवन मार्ग पर सड़क धंसने से बना करीब सात फीट गहरा गड्ढा राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को इसकी जानकारी दिए जाने के बावजूद अब तक न तो गड्ढे की मरम्मत कराई गई है और न ही दुर्घटना से बचाव के लिए कोई चेतावनी बोर्ड या बैरिकेडिंग लगाई गई है।

ग्रामीणों के अनुसार, एक दिन पहले ही पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर अखिल गंगवार को इस संबंध में अवगत कराया गया था, लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल राहगीरों को भी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि विभाग की लापरवाही के कारण किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल गड्ढा भरवाने तथा सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक संकेतक और बैरिकेडिंग लगाने की मांग की है।



## युवक को जहरीले सांप ने काटा मौत

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। चाय की टपरी में काम करते समय देर शाम युवक को जहरीले सांप ने काट लिया, हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएच सी ले गए जहां इलाज न होने पर परिजन प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बड़ा मरहा गांव निवासी विनोद का 21 वर्षीय बेटा मोहित हसनगंज सी ओ कॉलोनी के पास चाय की टपरी लगाकर परिवार का पालन पोषण करता था। शनिवार देर शाम दुकान पर ही काम कर रहा था तभी किसी जहरीले सर्प ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई हालत बिगड़ने पर परिजन उसे 500 मीटर दूर स्थित हसनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर परिजनों ने बताया कि डॉक्टरों ने सांप से काटने वाला इंजेक्शन ना होने की बात कह कर किसी दूसरी जगह इलाज कराने की बात कही। जिसपर परिजन लखनऊ प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक तीन भाई थे जिसमें बड़ा भाई कौशल विवाहित व अरविंद सहित मृतक मोहित अविवाहित था।

*वही परिजनों ने आरोप लगाया कि यदि सीएचसी में इन्जेशन मिल जाता था तो समय से इलाज हो जाता लेकिन इलाज न होने के कारण मौत हो गई है।*

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में घटिया उपहार सप्लाई पर डीएम ने की कड़ी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। 24 जुलाई को डॉक्टर वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जोड़ों को सप्लाई किए गए गद्दों में राजनीतिक दल के चिन्ह से मिलती-जुलती डिजाइन मिलने के मामले में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी कृति राज की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, वरिष्ठ कोषाधिकारी और उपायुक्त उद्योग की तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। जांच में सामने आया कि 459 जोड़ों को 918 गद्दे दिए गए थे, जिनमें से एक-दो गद्दों के कवर पर आपत्तिजनक डिजाइन थी। रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने आपूर्तिकर्ता फर्म के खिलाफ कोतवाली शहर में एफआईआर दर्ज कराकर उसे ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही उपहार सामग्री प्राप्त करने वाले पटल सहायक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। सामग्री के परीक्षण और वितरण के लिए नामित सहायक विकास अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रस्तावित करने और जिला समाज कल्याण अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने के आदेश भी दिए गए हैं।

## तालाब और ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद के नवाबगंज ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहरामऊ में भूमाफियाओं द्वारा तालाब एवं ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग किए जाने का आरोप सामने आया है।ग्रामीणों का कहना है कि करीब तीन बीघे क्षेत्रफल का तालाब अवैध कब्जे और मिट्टी भराव के कारण अब सिमटकर लगभग एक बीघे तक रह गया है। आरोप है कि तालाब की भूमि पर कब्जा कर प्लॉट काटने की तैयारी की जा रही है, जिससे जल संरक्षण और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए तालाब और ग्राम सभा की भूमि को कब्जामुक्त कराने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## गंगा का जलस्तर फिर बढ़ने लगा, तटीय क्षेत्रों में बढ़ी सतर्कता!



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है, जिससे शुक्लागंज, परियर, नानामऊ और बक्सर व गंगा कटरी के आसपास बसे तटीय क्षेत्रों के लोगों की चिंता बढ़ गई है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, शुक्रवार और शनिवार को जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की गई। अधिकारियों का कहना है कि ऊपरी क्षेत्रों से छोड़े जा रहे पानी के कारण गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। जलस्तर बढ़ने से तटीय इलाकों में बसे गांवों में लोगों की धड़कने बढ़ने लगी है, प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है, साथ- साथ प्रशासन द्वारा लोगों से भी सतर्कता बरते की अपील की गई है !

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस स्वास्थ्य योजना का भव्य शुभारंभ, 40 शिक्षकों को मिले कैशलेस कार्ड

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी ₹मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस स्वास्थ्य चिकित्सा योजना₹ के तहत कैशलेस कार्ड वितरण कार्यक्रम डीएसएन पीजी कॉलेज उन्नाव के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता और विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी घनश्याम मीना की उपस्थिति में 40 लाभार्थी शिक्षकों को कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर शनि सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और प्रो. दीप्ति खरे भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा एवं राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मीता अरोड़ा ने की। विधायक पंकज गुप्ता ने योजना की जानकारी देते हुए कहा कि यह शिक्षकों के स्वास्थ्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने योजना को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी प्रो. मीता अरोड़ा और डीएसएन कॉलेज प्राचार्य की सराहना की। अंत में प्रो. मीता अरोड़ा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## आषाढ़ पूर्णिमा स्नान और सावन से पहले बदहाल परियर गंगा तट मार्ग, कीचड़ व गड्ढों से श्रद्धालु परेशान

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आषाढ़ पूर्णिमा स्नान और 30 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह से पहले परियर गंगा तट जाने वाले मुख्य मार्ग की बदहाल स्थिति श्रद्धालुओं के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। निमार्णाधीन सड़क पर जगह-जगह कीचड़, गहरे गड्ढे और जलभराव होने से श्रद्धालुओं, ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर पत्थर बिखरे पड़े हैं और कई स्थानों पर फिसलन की स्थिति बनी हुई है। उनका आरोप है कि मौजूदा गति को देखते हुए समय रहते सड़क निर्माण पूरा होना मुश्किल नजर आ रहा है। ऐसे में आषाढ़ पूर्णिमा और सावन के दौरान आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को इसी जोखिम भरे मार्ग से होकर गुजरना पड़ेगा।

### डीएम के अल्टीमेटम के बाद भी नहीं सुधरे हालात

बताया जाता है कि जिलाधिकारी



घनश्याम मीणा और अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गौर ने पूर्व में निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए चार दिन का अल्टीमेटम दिया था।इसके बाद कार्य शुरू तो हुआ, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण की गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सड़क की प्रस्तावित चौड़ाई को लेकर भी सवाल उठाए हैं। वहीं, निर्माण कार्य में बाल श्रम कराए जाने के आरोप भी पहले सामने आ चुके हैं।

### सावन में बढ़ेगी श्रद्धालुओं की मुश्किल

परियर गंगा तट से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान कर जल भरते हैं और विभिन्न शिवालयों के साथ बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेवा के लिए कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं। अमावस्या, पूर्णिमा और सावन के दौरान इस मार्ग पर श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है।स्थानीय निवासी रोहित तिवारी, सागर, गौरव, लल्लन, लवकुश, दिनेश और बबलू ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे फिसलकर गिर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द ही मार्ग को आवागमन योग्य नहीं बनाया गया तो श्रद्धालुओं को मजबूरन बिठूर (कानपुर नगर) जाकर गंगा स्नान और जल भरने का विकल्प अपनाना पड़ेगा।तीर्थ पुरोहित लवकुश द्विवेदी, रमेश, कृपा और भानु तिवारी ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल गड्ढों को भरकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कर जल्द से जल्द कार्य पूरा कराया जाए, ताकि सावन में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।यदि संबंधित विभाग (लोक निर्माण विभाग या जिला प्रशासन) का पक्ष उपलब्ध हो, तो उसे भी शामिल करने से खबर और अधिक संतुलित तथा प्रभावी हो जाएगी।

## पति-पत्नी के 23 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 08, महिला थाना से 05, थाना पुरवा व कोतवाली सदर से 03-03, थाना बांगरमऊ से 02, थाना आसीवन व थाना दही से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र संतोष कुमारी सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, डॉ0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, डा0 अबसार अली, डा0 सगीर अहमद, अबरार हुसैन, डॉ0 एस.के.पाण्डेय संजय चौरसिया, शिल्पी श्रीवास्तव, प्रभा यादव, डॉ0 शशिरंजना अग्निहोत्री एवं सहयोगी सलाहकारों में शिवेन्द्र चौहान तथा पुलिस टीम में उप निरीक्षक मिथलेश वर्मा, पूनम शाक्य, मीनू, सेविका, चिन्तन, स्वाती यादव, बबली, पूजा का विशेष योगदान रहा।

## पीएम की मन की बात का देखा व सुना गया लाइव प्रसारण

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। हरदोई उन्नाव मार्ग के एक मैरिज लॉन में भाजपा कार्यकताओं के साथ बैठकर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ने प्रधान मंत्री की मन की बात लाइव प्रसारण पर देखा व सुना गया समूचे भारत में आज प्रधान मंत्री की मन की बात का लाइव प्रसारण किया गया जिसमें भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राज किशोर रावत ने विधान सभा सफीपुर क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग के ग्राम फतेहपुर में स्थित चौधरी मैरिज लॉन में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के साथ लाइव प्रसारण में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुना व देखा भाजपा कार्यकताओं में पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुज दीक्षित पवन दीक्षित लवलेश रावतपुर राजेश सिंह हरिप्रसाद विश्वकर्मा कुंज बिहारी रावत सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र सिंह पूर्व जिला कार्य समिति सदस्य अखिलेश दीक्षित पूर्व मंडल अध्यक्ष तेज नारायण गुप्ता पूर्व मंडल महामंत्री कपीस गौर पूर्ण शक्ति केंद्र संयोजक कुलदीप सिंह चौहान रितेश सिंह चौहान आशीष सिंह राम खेलावन रावत हीरा लाल रावत राकेश रावत डा आदित्य रावत मनीष रावत राजू द्विवेदी राधेश्याम अवस्थी बूथ अध्यक्ष गिरिजा शंकर रावत की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## कंडे निकाल रही महिला को सर्प ने डसा, मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के रज्जब खेड़ा गांव में अंधविश्वास एक बार फिर एक परिवार पर भारी पड़ गया। बठिया से गोबर के कंडे निकाल रही महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया। समय पर अस्पताल ले जाने के बजाय परिजन झाड़-फूंक में लगे रहे। हालत बिगड़ने पर जब उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। ग्राम रज्जब खेड़ा निवासी राजेश की 40 वर्षीय पत्नी सुमन रविवार सुबह घर के पास बनी बठिया से गोबर के कंडे निकाल रही थीं। इसी दौरान बठिया में छिपे बैठे जहरीले सर्प ने उनके हाथ में डस लिया। सर्पदंश के कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों के अनुसार पहले स्थानीय स्तर पर झाड़-फूंक और टोना-टोटका कराया गया। इस दौरान काफी समय बीत गया और महिला की हालत लगातार गंभीर होती चली गई।जब सुमन बेहोश हो गईं तब घबराए परिजन उन्हें आनन-फानन यहाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है । यह घटना एक बार फिर इस बात की याद दिलाती है कि सर्पदंश के मामलों में झाड़-फूंक के बजाय तत्काल चिकित्सकीय उपचार ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है। समय पर अस्पताल पहुंचने में हुई देरी कई बार अपूरणीय क्षति का कारण बन जाती है।

## सम्पादकीय

# पीएम की फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा सकारात्मक पहल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीट पेपर लीक के आरोपियों के खिलाफ त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाए जाने और दोषी पाए जाने पर सख्त सजा देने की घोषणा करके संदेश दिया है कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने और छात्रों हितों के प्रति गंभीर है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने गतिरोध तोड़ने के लिए प्रदर्शनकारी छात्रों को चार बार वार्ता का न्योता भेजा है। हालांकि प्रदर्शनकारियों की मांग है कि वे केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के कार्यालय या आवास पर वार्ता के लिए नहीं जाएंगे। वे जंतर-मंतर पर ही मंत्री के साथ वार्ता करेंगे। मौके की नजाकत को देखते हुए छात्रों को भी नरम रुख अपनाते हुए वार्ता के प्रस्ताव को स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए। यदि दोनों पक्ष सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे आएं तो सभी मुद्दों का समाधान निकल सकता है। सामान्य न्यायिक प्रक्रिया में ऐसे मामलों का वर्षों तक लंबित रहना न केवल न्याय में देरी का कारण बनता है, बल्कि अपराधियों के मनोबल को भी बढ़ाता है। यदि विशेष अदालतों के माध्यम से समयबद्ध सुनवाई सुनिश्चित होती है और दोषियों को कठोर दंड मिलता है तो यह भविष्य में ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने में प्रभावी साबित हो सकता है। साथ ही परीक्षा माफिया और संगठित गिरोहों को स्पष्ट संदेश जाएगा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने की कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हालांकि केवल सजा की व्यवस्था ही पर्याप्त नहीं होगी। परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित बनाना, प्रश्नपत्रों के वितरण की निगरानी मजबूत करना और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करना भी उतना ही आवश्यक है। दूसरी ओर, आंदोलन कर रहे छात्रों की चिंताओं को भी गंभीरता से समझना होगा। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। यदि छात्र अपनी मेहनत और भविष्य को लेकर सड़क पर उतरते हैं तो उनकी बात सुनी जानी चाहिए। सरकार द्वारा कई बार वार्ता का प्रस्ताव दिया जाना सकारात्मक संकेत है। अब छात्रों को भी संवाद का अवसर गंवाना नहीं चाहिए। बातचीत किसी भी विवाद का सबसे प्रभावी और लोकतांत्रिक माध्यम है। यदि वार्ता होती है तो केवल तत्काल मांगों पर ही नहीं, बल्कि भविष्य में परीक्षा सुधारों पर भी ठोस सहमति बन सकती है। इसके साथ ही आंदोलन को उसकी मूल भावना तक सीमित रखना भी आवश्यक है। किसी भी जन आंदोलन में समय के साथ विभिन्न राजनीतिक या अन्य हित समूह सक्रिय होने का प्रयास करते हैं। यदि आंदोलन का उद्देश्य छात्रों के अधिकार और परीक्षा सुधार हैं तो उसे उसी दिशा में केंद्रित रहना चाहिए। हिंसा, टकराव या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं आंदोलन की नैतिक शक्ति को कमजोर करती हैं और वास्तविक मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। पुलिसकर्मियों पर हमले या कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाली घटनाएं किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन की भावना के अनुरूप नहीं कही जा सकतीं। यदि कहीं ऐसे तत्त्व सक्रिय हैं जो आंदोलन को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, तो छात्रों को स्वयं उनसे दूरी बनानी चाहिए। वहीं, विपक्ष को भी इस मुद्दे पर केवल राजनीतिक लाभ-हानि के बजाय रचनात्मक सुझाव देने चाहिए। युवाओं का भविष्य किसी भी दलगत राजनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर यह समय टकराव का नहीं, बल्कि विश्वास बहाली का है। फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा एक सकारात्मक पहल है, लेकिन इसकी सफलता प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।



मुद्दा

राज कुमार सिन्हा

बार-बार परीक्षाओं के निरस्त होने, नियुक्तियों में देरी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। हर रद्द हुई परीक्षा और हर प्रश्नपत्र लीक के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवारों का आर्थिक निवेश, मानसिक तनाव और टूटते सपने जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के रोजगार, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा जैसे व्यापक प्रश्नों से भी जुड़ गया है। परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर आमरण अनशन कर रहे पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने के बाद आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसमर्थन मिला।

# परीक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक टकराव

भारत में शिक्षा और सार्वजनिक भर्ती परीक्षा प्रणाली को लेकर उपजा असंतोष अब एक व्यापक सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन का रूप ले चुका है। पिछले लगभग एक महीने से हजारों छात्र-छात्राएं और युवा शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है कि शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली में गहराते संकट के लिए जवाबदेही तय की जाए तथा परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बहाल की जाए। पिछले एक दशक में देशभर में केंद्रीय और राज्य स्तरीय परीक्षाओं के 90 से अधिक पेपर लीक होने के मामले सामने आए हैं, जिनसे लगभग 7.5 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। इनमें नीट-यूजी, यूजीसी-नेट, एसएससी तथा विभिन्न राज्यों की पुलिस और शिक्षक भर्ती परीक्षाएं शामिल हैं। भारत की 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 34.5 से 37.1 करोड़ युवा आबादी, जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 27 प्रतिशत है, इस व्यवस्था से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ी हुई है।

बार-बार परीक्षाओं के निरस्त होने, नियुक्तियों में देरी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। हर रद्द हुई परीक्षा और हर प्रश्नपत्र लीक के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवारों का आर्थिक निवेश, मानसिक तनाव और टूटते सपने जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के रोजगार, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा जैसे व्यापक प्रश्नों से भी जुड़ गया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर तीन सप्ताह से आमरण अनशन कर रहे पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने के बाद आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसमर्थन मिला। इसके बाद छात्रों ने संसद तक मार्च का आह्वान किया। दिल्ली, मुंबई, पटना, बेंगलुरु सहित अनेक शहरों में कैंडल मार्च, धरने और प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। सिख समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा प्रदर्शनकारियों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। बड़ी संख्या में आम नागरिक भी भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री भेजकर आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। इस मानवीय सहयोग ने आंदोलन को सामाजिक संवेदना का भी स्वरूप प्रदान किया है। 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव हुआ। पुलिस ने आंसू गैस, लाठीचार्ज तथा अन्य बल प्रयोग के माध्यम अपनाए। अनेक प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनके विरुद्ध अत्यधिक बल प्रयोग किया गया, जबकि पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। आंदोलनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ सादे कपड़ों में मौजूद लोगों ने प्रदर्शनकारियों पर हिंसा की तथा बैरिकेडिंग में करंट और कीलों वाली लाठियों का प्रयोग किया गया। पुलिस पर पैलेट गन के इस्तेमाल के भी आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग उठ रही है। सरकार ने जंतर-मंतर क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए, कई



मेट्रो स्टेशनों को अस्थायी रूप से बंद किया तथा पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में बदल दिया। केंद्र सरकार ने जंतर-मंतर पर जारी प्रदर्शनों को संभालने के लिए 3000 अतिरिक्त सशस्त्र पुलिसकर्मी भेजे हैं। यह कदम दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर उठाया गया है।

राजधानी के संवेदनशील हिस्सों जंतर-मंतर से संसद भवन तक खासतौर से इसके आसपास के इलाकों को पूरी तरह से छावनी में बदल दिया गया है। जमीनी घेराबंदी के अलावा दिल्ली की सुरक्षा को आधुनिक तकनीक से पूरी तरह से लैस किया गया है। इसके बावजूद अगले दिन भी बड़ी संख्या में छात्र आंदोलन स्थल पर पहुंचे और संघर्ष जारी रखने की घोषणा की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने प्रदर्शनकारियों के समर्थन में प्रदर्शन किया और गिरफ्तार हुए। उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, शरद पवार, सुप्रिया सुले, अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह सहित कई नेताओं ने जंतर-मंतर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। संसद में भी विपक्ष ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए गृह मंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। एमनेस्टी इंटरनेशनल सहित कई मानवाधिकार संगठनों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग पर चिंता व्यक्त की और लोकतांत्रिक अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण और अहिंसक तरीके से अपनी बात रखने तथा धरना-प्रदर्शन करने का अधिकार देता है। आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि उनकी लड़ाई केवल किसी एक परीक्षा या भर्ती प्रक्रिया की नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा एवं भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही स्थापित करने की है। उनकी प्रमुख मांगों में परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, पेपर लीक मामलों में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई, भर्ती प्रक्रियाओं की समयबद्धता, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में जवाबदेही तय करना तथा शिक्षा व्यवस्था में जनता का विश्वास बहाल करना शामिल है। यह आंदोलन अब केवल परीक्षा सुधार का प्रश्न नहीं रह गया है, बल्कि युवाओं के भविष्य, रोजगार और शासन की जवाबदेही से जुड़ा राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है। यदि सरकार आंदोलनकारी छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी मांगों पर ठोस और समयबद्ध निर्णय लेती है, तो स्थिति शांत हो सकती है और शिक्षा व्यवस्था में सुधार का रास्ता खुल सकता है। इसके विपरीत यदि केवल पुलिस बल और प्रशासनिक नियंत्रण के माध्यम से आंदोलन को दबाने का प्रयास जारी रहता है, तो युवाओं का असंतोष और व्यापक हो सकता है। ऐसी स्थिति में यह आंदोलन देशव्यापी छात्र-युवा अभियान का रूप लेकर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों को भी अपने साथ जोड़ सकता है। इससे संसद, न्यायपालिका और सरकार पर संस्थागत सुधारों का दबाव बढ़ने की संभावना है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी संकट का सबसे प्रभावी समाधान संवाद, पारदर्शिता और जवाबदेही है। इसलिए आने वाले समय में सरकार और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत, विश्वास बहाली और शिक्षा सुधारों पर ठोस पहल ही यह तय करेगी कि यह संघर्ष टकराव की दिशा में बढ़ता है या फिर भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनता है। उधर, संसद के मॉनसून सत्र का तीसरा दिन भी हंगामे के नाम रहा। पेपर लीक और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर बना राजनीतिक गतिरोध है। सरकार और विपक्ष, दोनों को टकराव छोड़कर संवाद का रास्ता तलाशना होगा।

## भगवान विष्णु रहेंगे चार माह तक योग निद्रा में



संकलित

दर्शन

हिंदू धर्म में देवशयनी एकादशी का विशेष महत्व होता है। हर वर्ष आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी के नाम से जाना है। एकादशी पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा होती है। देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में क्षीर सागर में चले जाते हैं। इन चार महीनों के दौरान भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं। इसके अलावा चार महीने यानी चातुर्मास के दौरान कई तरह के कार्य वर्जित होते हैं। वहीं इस दौरान कई तरह के कार्य करना शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं क्या करें। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष देवशयनी एकादशी 25 जुलाई है और इस दिन के बाद भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में होते हैं, जो कार्तिक माह के देवउठनी एकादशी पर जागते हैं। ऐसे में इस दौरान चार महीनों तक भगवान विष्णु पूजा, जप, तप और दान करते हुए भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। देवशयनी एकादशी भगवान विष्णु की उपासना के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत रखने और विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करने से जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति के पापों का क्षय होता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

## देह दानी राजा शिवि महाराज



संकलित

प्रेरणा

एक दिन राजा अपने दरबार में बैठे थे तभी एक कबूतर उड़ता हुआ उनकी गोद में आ गिरा और अपनी रक्षा के लिए प्रार्थना करने लगा कबूतर ने कहा - महाराज आपकी उदारता और शरणागत पर दया की चर्चा पशु-पक्षियों तक में होती है मैं भी आपके राज्य में निवास करने के कारण आपकी प्रजा और अभी आपका शरणागत हूं। मेरी रक्षा करें। शिवि ने कबूतर को निश्चिंत रहने का वचन दिया और कहा कि वह उसकी रक्षा हर हाल में करेंगे। राजा ने जैसे ही वचन दिया तभी वहां एक बाज आ पहुंचा और शिवि से कबूतर को वापस करने की मांग करने लगा। बाज ने कहा - महाराज यह कबूतर मेरा आहार है मैं अपने आहार का पीछा कर रहा था मैंने इस पर प्रहार भी किए है, आप मुझे मेरा आहार वापस करें। आपकी बड़ी कृपा होगी। राजा शिवि ने कहा - बाज यह तुम्हारा आहार रहा होगा किंतु अभी यह मेरा शरणागत है और मैंने इसको प्राण रक्षा का वचन दिया है। इसलिए मैं अपना वचन भंग नही कर सकता। बाज ने कहा - महाराज मैं भी आपके राज्य का रहने वाला पक्षी हूं। विधाता ने मुझे शिकार करके अपना पेट भरने की व्यवस्था दी है अगर आप कबूतर वापस नहीं करेंगे तो आपको मुझे भूखा रखने का पाप लगेगा। जो राजा अपनी प्रजा को किसी कारण कष्ट देता है या उसके आहार का हरण करता है उस राजा पर से देवों की कृपा समाप्त हो जाती है उसकी प्रजा को इसका दंड भोगना पड़ता है आप यह पाप न करें। शिवि ने कहा - तुम्हारी बातें सत्य है किंतु मैं वचनबद्ध हूं। शरणागत का अतीत मुझे ज्ञात नहीं था इसलिए मैंने इसकी रक्षा का भार लिया है।

## मंथन

डॉ. मोनिका शर्मा



# सांस्कृतिक जुड़ाव को बल दें भाषाएं

कोई भी भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम भर नहीं होती। देश, समाज या किसी समुदाय विशेष की परंपराओं और संस्कृति के अनगिनत रंग सहेजे होती है। भाषाएं समग्र रूप से देश की संस्कृति को अगली पीढ़ियों तक ले जाने का काम करती हैं। यही वजह है कि संस्कृति के इन रंगों को जीवन से जोड़े रखने और विरासत सहेजने के लिए भाषाओं को जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। असल में भाषायी विविधता सोच और समझ के नए द्वार भी खोलती है। मानवीय भावनाओं को साझेपन का परिवेश बनाती है। यही वजह है कि किसी एक भाषा के विलुप्त होना उसके शब्दों का खत्म होना भर नहीं, बल्कि एक समाज विशेष के सदियों पुराने इतिहास, लोकगीत, उत्सव, रीति-रिवाज, लोक-साहित्य और जीवनयापन से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान के खत्म होने जैसा है। विशेषकर मातृभाषा से दूर होना होना तो इंसान की मौलिक अभिव्यक्ति की सहजता और गहराई ही छीन लेता है। हाल ही में कोलकाता में राष्ट्रीय पुस्तकालय परिसर में 'म्यूजियम ऑफ वर्ड' यानि 'शब्द संग्रहालय का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि किसी भी देश की भाषा उसकी विरासत को संभालती है और उसकी संस्कृति को समझने का जरिया बनती है। इसीलिए अपनी मातृभाषा सीखने के साथ-साथ हर विद्यार्थी को कम से कम एक और भारतीय भाषा अवश्य सीखनी चाहिए, ताकि वे देश की सांस्कृतिक विविधता को और बेहतर तरीके से समझ सकें। यह विचार सकारात्मक और सराहनीय तो है ही, सांस्कृतिक विविधता के लिए दुनियाभर में मान पाने वाले हमारे देश की नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने वाला भी है। ज्ञात हो कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तकालय द्वारा विकसित 'शब्दलोक' संग्रहालय भी भारत की समृद्ध भाषाई विरासत को ही समर्पित है। संग्रहालय में अत्याधुनिक तकनीक और संवादात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की मौखिक और लिखित भाषाई परंपराओं के विकास की यात्रा को दर्शाया गया है। वस्तुतः, भाषाएं किसी भी देश की विरासत को आगे बढ़ाने सबसे सशक्त माध्यम होती हैं। बावजूद इसके हालिया बरसों में बच्चे न केवल अपनी मातृभाषा से दूर हो रहे हैं बल्कि दूसरी भाषाओं को सीखने में भी कम ही रुचि लेते हैं। आधुनिक जीवनशैली और डिजिटल होती दुनिया में अंग्रेजी के बढ़ते चलन के कारण बच्चे अपनी मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं को भूलते जा रहे हैं। हमारी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करने वाले इस व्यवहार से कई भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं। घरों में भी अपनी मातृभाषा बोलने का चलन कम हुआ है। बहुत से युवा रोजगार के अवसरों को देखते हुए दूसरे देशों की भाषा सीख रहे हैं पर अपने ही क्षेत्र की भाषा भूल गए हैं। यह स्थिति न केवल उनकी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करती है, बल्कि हमारी समृद्ध भाषाई विविधता को भी विलुप्त होने के कगार पर ला रही है। समझना कठिन नहीं कि अपनी भाषाएं न सीखने से मानवीय जीवन से जुड़ी कई अनमोल मौखिक परम्पराएं हमेशा के लिए समाप्त हो रही हैं। चिंतनीय है कि भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने की बात हो सभ्यतागत पहचान को सुरक्षित रखने की, देश के सभी हिस्सों की भाषाएं ही आपसी जुड़ाव का पुल बनाकर सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का मार्ग दिखाती हैं। इस गठजोड़ को मजबूती देने के लिए परिवार की भूमिका भी अहम है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी परिवार की भाषा ही पहली पाठशाला बनने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मां की भाषा में ही बच्चे की पढ़ाई हो, विद्यालय और विश्वविद्यालय मौलिक चिंतन का केंद्र बनें, तभी हम सृजन में अपना योगदान दे सकते हैं। यह सचमुच चिंतनीय है कि बड़े शहरों में आकर बसने, दूसरे राज्यों में जाकर रहने या विदेश में जा बसने के कारण बहुत से भारतीय परिवारों का अपनी मूल मातृभाषा से संपर्क टूट जाता है। इसके चलते बच्चे अपनी जड़ों, लोक-संस्कृति, त्योहारों और पारंपरिक मूल्यों से भी दूर हो रहे हैं। इस सभ्यतागत संकट के बावजूद देश में 117 भाषाएं खतरे में हैं। बीते 50 वर्षों में 220 से अधिक भाषाएं अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। कई भाषाएं ऐसी हैं जिन्हें बोलने वाले 10 हजार से भी कम लोग बचे हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### यातायात नियमों के पालन नहीं करने से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं

देश में हररोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं है। इन दुर्घटनाओं में अक्सर चालक की मौत हो जाती है। तेज गति से वाहन चलाने से अनियंत्रित होकर गाड़िया डिवाइडर या सामने वाली गाड़ियों से भिड़ जाती है। जिसमें चालक सहित गाड़ी में बैठने वालो की मौत हो जाती है। यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। नशे में वाहन चलाने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह चोंकाने वाली बात है कि पढ़ा लिखा शिक्षित वर्ग भी इससे अछूता नही है। नेशनल हाइवे पर तेज गति वाहन चालक अनियंत्रित होकर गाड़िया सड़क के बाहर निकल जाती है या सामने वाले से भिड़ जाती है। उससे घटना स्थल पर मौत हो जाती है। यह दृश्य रोज देखने मिलता है। *- गीतांजलि, रेवाड़ी*

## ट्रेंड

### फास्ट ट्रैक कोर्ट



देश के युवाओं का हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेपर लीक के सभी मामलो में दोषियो को जल्द से जल्द कठोर दंड देने के लिए, केस के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन किया जाएगा।
**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### चर्चा से भाग रहा विपक्ष



एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और चर्चा के लिए तैयार है लेकिन कांग्रेस, राहुल गांधी समेत पूरा विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, क्योंकि वे जानते है कि जब वे बहस के लिए सदन में आएंगे, तो उनकी दोहरी नीति दुनिया के सामने उजागर हो जाएगी।
**-गजेंद्र सिंह शेखावत,** केंद्रीय संस्कृति मंत्री

### जौहर विश्वविद्यालय



दिल्ली में परीक्षा को लेकर आंदोलन चल रहा है और रामपुर में शिक्षा को लेकर। जौहर विश्वविद्यालय को बचाकर ही यहां के छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सकता है; इसी सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण के साथ हमारा प्रतिनिधिमंडल आज वहां पहुंचा है।
**- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

### बेहतर शिक्षा व्यवस्था



यह आंदोलन बहुत शांतिपूर्ण था; बहुत दुख की बात है कि इसने हिंसक रूप ले लिया। जो छात्र और उनके परिवार घायल हुए, उनके प्रति मेरी पूरी संवेदना है। मुझे यह देखकर खुशी है कि हमारे देश के बच्चे बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए एकजुट हुए है।
**- सलमान खान,** फिल्म अभिनेता

## करंट अफेयर

### ईरान बातचीत के लिए सीरियस नहीं, रूबियो ने कही बड़ी बात



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान पर आरोप लगाया है कि उसने अमेरिका के साथ पिछले महीने हुई बातचीत में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान बातचीत को लेकर सीरियस नहीं है और साथ ही वॉर्निंग दी कि अगर ईरान को मार्को रूबियो ने आगे कहा कि ईरान ने बातचीत के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष दोनों तरह के माध्यमों से अमेरिका से संपर्क किया था, लेकिन ईरान अपने वादों को पूरा करने में नाकाम रहा है। दूसरी तरफ, ईरान के युद्ध होर्मुज से निकलकर मेनडेब स्ट्रेट तक पहुंचता नजर आ रहा है। हूती विद्रोहियों ने इसके जरिए होने वाले सऊदी अरब के व्यापार को रोकने का ऐलान किया है।

## ऑफ बीट

### दिल के मरीजों के लिए संगीत है अच्छी दवा



भारत में 20 करोड़ लोग मानसिक रोग से ग्रस्त हैं, 5 करोड़ डिप्रेशन और इतने ही स्ट्रेस से परेशान हैं। ये तनाव दिल की बीमारी का बड़ा कारण है। द लांसेट की रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक और लगातार तनाव के बने रहने से ब्लड कोलेस्ट्रोल, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर बढ़ता है। इससे हार्ट की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। हार्ट की मसल्स में ऑक्सीजन की आपूर्ति भी प्रभावित होती है। हार्ट की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। जब भी आप तनाव में हों, मनपसंद संगीत सुनिए। संगीत मस्तिष्क में रासायनिक संतुलन को बदलता है। धमनियों को आराम देकर ब्लड वेसल्स की काम करने की क्षमता सुधारता है।

## संक्षेप

### युवक डूबा, अयोध्या में मिला शव

**गोमती नदी में मछली पकड़ने गया था, डूबते युवक का वीडियो बनाते रहे लोग, बचाने कोई आगे नहीं आया**

अमेठी, युवक का शव शुक्रवार को अयोध्या के मिल्कीपुर क्षेत्र में गोमती नदी से बरामद हुआ। गुरुवार को मछली पकड़ने के दौरान वह गोमती नदी में डूब गया था। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह तेज धारा में फंसकर डूबता दिखाई दे रहा है।वीडियो में मौजूद लोग उसे बचाने और बाहर आने के लिए आवाज लगाते हैं, लेकिन कुछ ही पलों में वह नदी की लहरों में समा जाता है। वहीं डूबते युवक का लोग वीडियो बना रहे थे। पुलिस ने करीब 18 घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जगदीशपुर कस्बे के निहालगढ़ स्थित गुढाही मोहल्ला निवासी मोहम्मद वसी गुरुवार को अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत देवगांव-आदिलपुर ग्रामसभा क्षेत्र में गोमती नदी के पुल के पास मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसलने अथवा तेज धारा की चपेट में आने से वह नदी में डूब गया। नदी में संघर्ष करता दिखा युवकघटना का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में मोहम्मद वसी नदी के बीच संघर्ष करता दिखाई देता है। किनारे मौजूद लोग लगातार उसे बाहर आने और हिम्मत बनाए रखने की आवाज लगाते हैं, लेकिन तेज बहाव के कारण वह देखते ही देखते पानी में समा जाता है।

### शुरू हुआ 'डिजिटल लेबर चौक'

**अब घर बैठे एक क्लिक पर मिलेंगे कुशल श्रमिक**

अमेठी , निर्माण श्रमिकों और मकान बनवाने वाले लोगों के लिए श्रम विभाग ने एक नई पहल की है। जिले में अब 'डिजिटल लेबर चौक' की शुरूआत की गई है। यह प्लेटफॉर्म मजदूरों और काम देने वालों को सीधे ऑनलाइन जोड़ने का काम करेगा।इस डिजिटल लेबर चौक का मुख्य उद्देश्य निर्माण क्षेत्र को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़कर श्रमिकों और नियोक्ताओं दोनों को सुविधा प्रदान करना है। अब तक जिले में 15 से अधिक स्थानों पर पारंपरिक लेबर चौक लगते थे, जहाँ लोग राजमिस्त्री, बढ़ई, प्लंबर, पेंटर और इलेक्ट्रिशियन जैसे कुशल श्रमिकों को काम पर बुलाने जाते थे। नई व्यवस्था के तहत, नियोक्ता अब अपने काम के लिए लेबर मंडी के चक्कर लगाने के बजाय घर बैठे अपनी जरूरत के अनुसार श्रमिकों की जानकारी ले सकते हैं। वे सीधे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से श्रमिकों से संपर्क कर सकेंगे, जिससे समय और प्रयास की बचत होगी।श्रमिक भी इस प्लेटफॉर्म पर मात्र 20 रुपए वार्षिक शुल्क देकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण के बाद उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और वे सीधे नियोक्ताओं से जुड़ पाएंगे।सहायक श्रमायुक्त छत्रसाल बरनवाल ने बताया कि डिजिटल लेबर चौक से बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। इससे श्रमिकों का शोषण रुकेगा और उन्हें उचित मजदूरी मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस पहल से नियोक्ताओं का समय और खर्च भी बचेगा।

# 202.48 लाख की लागत से बनेगी 2.40 किमी सड़क

## वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने जताया आभार

### विधायक सुभाष त्रिपाठी ने किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। विधानसभा पयागपुर क्षेत्र में विकास कार्यों की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने शनिवार को ग्राम पुरैनी से टांडे चतुर सराय कनहर होते हुए सिसईपुरवा इटहुवा संपर्क मार्ग के 2.40 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। लगभग ?202.48 लाख की लागत से बनने वाली यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रही है। शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही और लोगों ने वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में पयागपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी तथा विद्यार्थियों और मरीजों को भी बेहतर परिवहन का लाभ मिलेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जनहित की सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मौजूद ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए कहा कि वर्षों से इस मार्ग के निर्माण की मांग की जा रही थी। सड़क बनने से कई गांवों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और बरसात के दिनों में आवागमन की समस्या से भी राहत मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाठक, किसान मोर्चा जिला संयोजक सत्य प्रकाश सिंह 'सत्या', पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बंशीलाल साहू, जिला कार्यसमिति सदस्य हाकिम सिंह एवं अनिल सिंह, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश सिंह एवं रामनिवास निषाद, मंडल महामंत्री चंद्रभान सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह एवं चंद्रवीर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# चहलवा में मनाया गया फूलन देवी का बलिदान दिवस

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद बहराइच के चहलवा ग्राम पंचायत स्थित सिरसियनपुरवा में 25 जुलाई को वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस के अवसर पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आनलाइन उद्घाटन मुख्य अतिथि नरेंद्र कश्यप मंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने किया। वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा कि संपूर्ण जीवन में संघर्ष के रास्ते समाज में स्थान बनाने वाली स्वर्गीय वीरांगना फूलन देवी समाजके लिए संदेश छोड़कर गई है। कि वंचित समुदाय का कोई भी व्यक्ति जब भी उत्पीड़ित किया जाएगा तो वह अपनी लड़ाई फूलन देवी की तरह लड़ेगा। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं ग्रामीणों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके संघर्षमय जीवन को याद किया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रीतम निषाद (प्रधान प्रतिनिधि एवं जिला संयोजक, मछुआ प्रकोष्ठ) तथा रूना निषाद (ग्राम प्रधान, चहलवा) के सौजन्य से संपन्न हुआ। श्रद्धांजलि सभा में जिला पंचायत सदस्य डा. वीर बहादुर प्रकाश ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वीरांगना फूलन देवी सामाजिक न्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष की एक अमर प्रतीक हैं।

विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिंदुस्तानी, प्रेम निषाद, राम नरेश चौहान एवं डा. राजित राम निषाद आदि ने भी अपने संबोधन में वंचितों, शोषितों और महिलाओं के अधिकारों के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्षों पर प्रकाश डाला। लोक गायक जितेंद्र प्रजापति ने इस अवसर पर फूलन देवी के जीवन संघर्षों पर संगीत मय प्रस्तुति दिया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मोनालिसा जौहरी बनी एसडीएम मिहींपुरवा

**आमजन की समस्याओं के लिए संवेदनशील रहती हैं मोनालिसा जौहरी**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। जिले की चर्चित एसडीएम मोनालिसा जौहरी जो वर्तमान में नानपारा तहसील में एसडीएम थी उन्हें मिहींपुरवा का नया उप जिलाधिकारी बनाया गया है।

इसी तरह गैर जनपद से आए प्रशांत कुमार नायक को तहसील कैसरगंज तथा राजेश कुमार अग्रवाल को तहसील नानपारा का नया एसडीएम बनाया गया।मिहींपुरवा तहसील में अभी कुछ दिन पहले एसडीएम के पद पर आई श्रीमती अमिता यादव का तबादला हो गया है। वही नानपारा तहसील में एसडीएम के पद पर रही श्रीमती मोनालिसा जौहरी को मिहींपुरवा का नया एसडीएम बनाया गया है।

आपको बताते चलें कि एसडीएम मोनालिसा जौहरी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही हैं।नानपारा क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चलाकर चर्चा में रही हैं।मिहींपुरवा में तैनाती मिलने पर लोगों ने उन्हें बधाई दी है और उम्मीद है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान यहां भी तेजी से चलेगा और लोगों को समुचित न्याय मिलेगा क्योंकि नानपारा में अतिक्रमण हटाओ अभियान के साथ ही पीड़ितों को समय से न्याय दिलाने में मोनालिसा जौहरी की अहम भूमिका रही है। क्षेत्र में लोकप्रियता के साथ ही कठोर निर्णय लेने के लिए मोनालिसा जौहरी का नाम चर्चा में रहता है।

# हरनी बाजार में नवनिर्मित पुलिस चौकी का शुभारंभ

## एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में बहराइच पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हरनी बाजार में नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने फीता काटकर चौकी का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि हरनी गांव और आसपास का क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से काफी विस्तृत है। यहां के लोगों को किसी भी पुलिस संबंधी कार्य के लिए कैसरगंज थाना अथवा तहसील मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसे देखते हुए पुलिस विभाग ने लंबे समय से इस क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित करने की योजना पर कार्य किया और प्रशासन के प्रयासों से आज यह सपना साकार हुआ। उन्होंने कहा कि नई पुलिस चौकी के संचालन से क्षेत्रवासियों को अब कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित सहायता मिलेगी। पुलिस की प्रतिक्रिया समय में कमी आएगी तथा अपराधों की रोकथाम, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील भी की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, नगर एवं सिटी के अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डी.के. श्रीवास्तव, थाना प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज राजकुमार पांडे सहित पुलिस विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं हरनी बाजार क्षेत्र के बड़ी संख्या में मौजूद संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद लोगों ने क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना का स्वागत करते हुए इसे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# रुपईडीहा के बजाजा मार्केट में बिजली के पोल में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**समय रहते आग पर पाया काबू, बड़ा हादसा टला**

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा स्थित बजाज मार्केट में बीती रात बिजली के पोल में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात करीब 11 बजे पोल से तेज चिंगारियां निकलने के बाद अचानक लपटें उठने लगीं। शोर सुनकर आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंचे लोगों ने बाल्टी और पानी की मदद से आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग ने आसपास की दुकानों को अपनी चपेट में नहीं लिया, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था। आग लगने से कुछ देर के लिए क्षेत्र की बिजली भी बाधित रही। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में जर्जर तारों और ढीले कनेक्शनों की तत्काल जांच कर मरम्मत कराई जाए। लोगों ने कहा कि यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। पुलिस और विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

# शातिर बाइक चोर गैंग का खुलासा

## तीन चोर और कबाड़ी गिरफ्तार, 8 बाइक और 7 के पुर्जे बरामद

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, पुलिस ने 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत एक अंतरजनपदीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन शातिर चोरों और एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की आठ मोटरसाइकिलें और सात अन्य मोटरसाइकिलों के पुर्जे बरामद किए गए हैं। एसपी सरवणन टी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान, बीती रात मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें दिनेश कुमार अग्रहरि (निवासी रेसी, थाना जामो), मोहम्मद वासीद (निवासी सुखी बाजगढ़), मोहम्मद ताजिर उर्फ महताब (निवासी जामो) और फैसल खान (निवासी अजबगढ़, थाना जामो) शामिल हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अलग-अलग जगहों से मोटरसाइकिलें चोरी करते थे। चोरी की इन बाइकों को वे कबाड़ी दिनेश अग्रहरि को लगभग 5,000 रुपये में बेच देते थे। दिनेश अग्रहरि अपने घर पर बने गोदाम में इन मोटरसाइकिलों को खोलकर उनके इंजन, चेसिस, टायर और रिम जैसे पुर्जों को अलग कर कानपुर में बेच देता था।आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छिपाकर रखी गई कुल आठ मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इसके अतिरिक्त, सात अन्य मोटरसाइकिलों के पुर्जे भी जब्त किए गए। ये सभी वाहन गौरीगंज, नंदमहर, जामो जनापुर और अन्य जगहों से चुराए गए थे एसपी सरवणन टी ने पुलिस ऑफिस सभागार में इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी शातिर अपराधी हैं और लंबे समय से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।इनमें से दो अभियुक्तों पर पहले से ही मुकदमे दर्ज हैं। इस गिरोह से संबंधित चोरी के सात मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। एसपी ने घटना का खुलासा करने वाली एसओजी, जामो और गौरीगंज पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

# गंगापुर में सुना गया प्रधानमंत्री के 'मन की बात' का 136वां एपिसोड

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। क्षेत्र के गंगापुर गांव में रविवार को भाजपा मंडल महामंत्री योगेश पांडेय के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो. डॉ. कृष्ण कुमार सोनकर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।श्रवण के बाद प्रो. डॉ. कृष्ण कुमार सोनकर ने कहा कि 'मन की बात' देश के अनदेखे नायकों, सामाजिक नवाचारों और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने का प्रभावी मंच है। इससे स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। भाजपा मंडल महामंत्री योगेश पांडेय ने कहा कि संगठन बूथ स्तर पर नियमित रूप से 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण कराकर प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचा रहा है।इस दौरान बूथ अध्यक्ष अजय मिश्रा, पराग कौलिक, अरुण प्रकाश त्रिपाठी, महेश कौलिक, किसान नेता पं. अशोक मिश्रा, दिनेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रभारी निरीक्षक का प्रहार: दो वाहन सीज, एक का चालान

**मीट और शराब दुकानदारों को दी सख्त हिदायत**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। खैरीघाट थाना क्षेत्र के रामपुर धोबियाहार में रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा और एक बाइक ठेलिया को सीज कर दिया, जबकि बाइक पर तीन सवारी बैठाकर जा रहे चालक का चालान किया गया।इसके साथ ही प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र के मीट दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सावन माह के दौरान खुले में मांस की बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दुकानदारों को नियमों का पालन करते हुए ही कारोबार करने के निर्देश दिए गए।वहीं, शराब दुकानदारों को निर्देशित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि शराब की दुकानों के आसपास खुले में किसी भी व्यक्ति को शराब पीने की अनुमति न दी जाए। यदि दुकान के आसपास खुले में शराब का सेवन पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कई ऐसे वाहनों को, जिनके नंबर या कागजात उपलब्ध नहीं थे, कब्जे में लेकर पूछताछ की जा रही है। यातायात नियमों का पालन कराने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी इसी तरह के अभियान चलाकर कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# महिला सचिव का बीडीओ पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप

**बोली- बीडीओ फोन नहीं उठाते सीधे लेटर भेजते हैं, शाहजहांपुर में तबीयत बिगड़ी; सीएचसी में भर्ती**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर,तैनात एक महिला सचिव ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। सचिव का कहना है कि आवारा पशुओं को पकड़ने के अभियान के दौरान समस्या आने पर उन्होंने कई बार बीडीओ को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं की गई। इसके बाद उन्हें मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा और उनकी तबीयत बिगड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराना पड़ा। महिला सचिव राखी त्रिवेदी के अनुसार, शनिवार शाम वह क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने के अभियान में लगी थीं। इस दौरान ग्रामीणों के विरोध के साथ-साथ गौशाला में भी कुछ समस्याएं सामने आईं। स्थिति से अवगत कराने और समाधान के लिए उन्होंने कई बार बीडीओ को फोन किया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

### फोन नहीं उठाने और दबाव बनाने का लगाया आरोप

राखी त्रिवेदी का आरोप है कि बीडीओ अक्सर उनके फोन कॉल का जवाब नहीं देते और आए दिन स्पष्टीकरण पत्र जारी कर मानसिक दबाव बनाते हैं। उनका यह भी कहना है कि बीडीओ का महिलाओं के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने मीडियाकर्मियों को बीडीओ द्वारा फोन न उठाने की जानकारी दी तो इसके बाद उन्हें कथित तौर पर धमकाया गया और उनके नाम स्पष्टीकरण पत्र जारी कर दिया गया।

### तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती

महिला सचिव का कहना है कि लगातार मानसिक दबाव के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें जलालाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराना पड़ा, जहां उनका उपचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करना मुश्किल हो गया है। इस मामले में खंड विकास अधिकारी का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। फिलहाल मामले में महिला सचिव के आरोप सामने आए हैं।

# डीएम ने कानूनगो का वेतन रोका

**गांव में सड़क निर्माण की जांच करने पहुंचे थे, अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , डीएम अभिषेक पाण्डेय ने बैजलपुर गांव में सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। मौके पर अनुपस्थित कानूनगो का वेतन रोकने का भी आदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान लेखपाल योगेन्द्र विक्रम ने बताया कि मिलजुमला भूमि का विवाद सड़क निर्माण में मुख्य बाधा है।



इस पर डीएम ने नियमानुसार प्रकरण का शीघ्र निस्तारण कर सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने मौके पर संबंधित कानूनगो के अनुपस्थित पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और उनका वेतन रोकने के आदेश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पक्की सड़क बनने तक मनरेगा के तहत मिट्टी डलवाकर कच्चे रास्ते को दुरुस्त किया जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में कोई असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान बैजलपुर पंचायत भवन भी जर्जर हालत में मिला। डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी को पंचायत भवन के निर्माण कार्यकाल की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिसके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नाली सफाई के दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की

**14 लोगों पर केस, एक हिरासत में, जलनिकासी को लेकर पहुंची थी राजस्व और पुलिस टीम**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़,कंधई थाना क्षेत्र के साल्हीपुर कंजास गांव में जलनिकासी की नाली की सफाई के दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जबकि एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मामले का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।जानकारी के अनुसार, घटना शाम करीब 5 बजे की है। वर्षा के पानी की निकासी के लिए राजस्व विभाग की टीम और कंधई पुलिस गांव पहुंची थी। शिकायतकर्ता राम निवास वर्मा ने आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने नाले की निकासी रोक दी है, जिससे आसपास के खेतों में पानी भर गया और फसलों को नुकसान हो रहा हैपुलिस के हस्तक्षेप पर हुआ विवादआरोप है कि मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने एक दिव्यांग युवक की पिटाई कर दी। स्थिति बिगड़ने पर जब पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराने का प्रयास किया तो कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई शुरू कर दी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कथित वीडियो में कुछ युवक पुलिस से बहस और धक्का-मुक्की करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं एक युवक पुलिस पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाता नजर आ रहा है। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है14 नामजद, एक आरोपी हिरासत में कंधई थाना प्रभारी आदित्य सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर 14 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## संक्षेप

### जलभराव से 52 बीघा गन्ने की फसल डूबी

**किसानों का आरोप- दबंगों ने रोका पानी का रास्ता, लाखों का नुकसान**

गाजियाबाद , मोदीनगर तहसील क्षेत्र के खिदौड़ा गांव में जलभराव से किसानों की गन्ने की फसल बर्बाद होने लगी है। किसानों का आरोप है कि कुछ दबंगों ने बरसात के पानी की प्राकृतिक निकासी रोक दी, जिससे करीब 52 बीघा में खड़ी गन्ने की फसल पानी में डूब गई। खेत तालाब में तब्दील हो गए हैं और लगातार जलभराव से फसल सड़ने लगी है। किसानों का कहना है कि उन्होंने करीब 10 दिन पहले ही तहसील प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की थी, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन मिला है। उनका कहना है कि अगर जल्द पानी नहीं निकाला गया तो पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी। बीज से लेकर मजदूरी तक लाखों रुपये किए खर्च किसानों ने बताया कि पूरे साल मेहनत कर उन्होंने गन्ने की फसल तैयार की थी। बीज, खाद, सिंचाई, कीटनाशक और मजदूरी पर लाखों रुपये खर्च किए गए। लेकिन लगातार कई दिनों से खेतों में पानी भरा होने के कारण गन्ना खराब होने लगा है। उनका कहना है कि यदि जल्द पानी की निकासी नहीं कराई गई तो पूरी फसल नष्ट हो जाएगी और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। 10 दिन पहले की शिकायत, अब तक नहीं हुआ समाधान पीड़ित किसानों का आरोप है कि उन्होंने करीब 10 दिन पहले तहसील प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत दी थी। कई बार अधिकारियों से मिलकर भी समस्या बताई, लेकिन अब तक न तो स्थायी समाधान किया गया और न ही जल निकासी की कोई प्रभावी व्यवस्था की गई।'खेती ही हमारी रोजी-रोटी है किसानों का कहना है कि खेती ही उनके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन है। अगर गन्ने की फसल पूरी तरह खराब हो गई तो बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च और बैंक या साहूकारों से लिए गए कर्ज की किस्त चुकाना भी मुश्किल हो जाएगा।

### अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में, छात्रों को समर्थन दिया, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा**

बागपत, कलेक्ट्रेट पर अधिवक्ताओं ने जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा और छात्रों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में अधिवक्ता बागपत कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने छात्रों पर की गई कार्रवाई को 'बर्बरतापूर्ण' बताया और सरकार से छात्रों की मांगों को सुनने तथा उनकी समस्याओं का समाधान करने की अपील की। अधिवक्ता सुभाष तोमर ने कहा कि जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ जो अत्याचार हुआ है, वह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से छात्रों की बात सुनने और उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। एक अन्य अधिवक्ता कपिल कुमार ने कहा कि जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता, अधिवक्ता भी अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने लाठीचार्ज पर दुख व्यक्त करते हुए सरकार से छात्रों की मांगें तुरंत पूरी करने का आग्रह किया।

## 17 दिन बाद खुला शराब ठेका लूटकांड का राज

### तीन शातिर गिरफ्तार 990 पव्वे शराब व 62 बीयर कैन बरामद

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी




बिंदकी, फतेहपुर। थाना बिंदकी पुलिस, सर्विलांस सेल और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 17 दिन पहले हुए देशी शराब ठेका लूटकांड का सफल खुलासा कर तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 990 देशी शराब के पव्वे (22 पेटी), 62 किंगफिशर बीयर कैन तथा घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।पुलिस के अनुसार 8/9 जुलाई की रात नरैया-अरईपुर खेड़ा स्थित देशी शराब ठेके की दीवार तोड़कर बदमाश चौकीदार को बंधक बनाते हुए भारी मात्रा में शराब व बीयर लूट ले गए थे। तकनीकी साक्ष्यों, सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने दिलीप कुमार पासवान, प्रेम सोनकर और शिवजीत को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने फरार साथियों सूरज सोनकर व सुंदर सोनकर के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। लूटी गई शराब खेतों में छिपाकर बाद में बिक्री के लिए रखी गई थी।मामले में बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जयलाल सिंह, उपनिरीक्षक नीरज कुमार मौर्य, प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस सुनील कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी प्रवीण यादव सहित थाना बिंदकी, सर्विलांस सेल एवं एसओजी की संयुक्त टीम।पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा फरार आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## जबरन कब्जे को लेकर दो भाइयों में हुआ खूनी संघर्ष

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर, जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मंडवा में संपत्ति को लेकर दो भाइयों में लाठी डंडे चले जहां एक गंभीर रूप से घायल हुआ बड़े भाई दिनेश पासवान ने नजदीकी थाना सुल्तानपुर घोष में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उसके मकान के सामने छोटे भाई जबरन कब्जा करना चाहते हैं जबकि छोटे भाई के घर से पीड़ित का मकान अलग है पूर्व काल में भी छोटे भाई रमेश पासवान ने अपने जानवर बांधने प्रारंभ किए थे जहां थाना सुल्तानपुर घोष में की गई शिकायत के पश्चात जानवर हटाए गए थे पुनः पीड़ित के मकान के सामने कब्जे को लेकर दोनों भाइयों में कल सुबह झगड़ा हुआ जहां कुछ ही समय में झगड़ा खूनी संघर्ष में बदल गया छोटे भाई ने जमकर बड़े भाई को पीटा जहां बड़े भाई दिनेश को गंभीर चोट पहुंची तथा शरीर के कई अंगों में गहरी चोट आई पीड़ित द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र को स्वीकृत करते हुए थाना प्रभारी सुल्तानपुर घोष ने जांच प्रारंभ की वही बताया कि दोनों पक्षों की जांच करते हुए तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## सूना घर पाकर चोरों ने ग्राम प्रधान के घर में की वारदात

### पीड़ित के अनुसार 2लाख नकदी समेत 15 लाख के जेवरात का हुआ नुकसान

अमन लेखनी समाचार



बकेवर, फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कंसाही के ग्राम प्रधान लक्ष्मीकांत तिवारी के घर अज्ञात चोरों ने वारदात करते हुए लाखों की चपत लगाई पीड़ित ग्राम प्रधान ने नजदीकी थाना बकेवर में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह विगत दिवस शुक्रवार को एक ग्रामीण के अंतिम संस्कार में कानपुर नगर जनपद के ड्योढ़ी घाट गंगा जी गए थे गांव में ग्राम प्रधान अकेला निवास कर रहा था जबकि प्रधान का पूरा परिवार कानपुर शहर में निवास कर रहा है अंतिम संस्कार के पश्चात ग्राम प्रधान लक्ष्मीकांत तिवारी सीधे कानपुर अपने परिवारिक सदस्यों के पास चला गया वहीं दूसरे दिन बड़े भाई रमाकांत ने घर का ताला टूटा देखा तथा ग्राम प्रधान छोटे भाई को सूचना दी सूचना पाकर आनन-फानन ग्राम प्रधान गांव पहुंचे तथा घर जाकर देखा तो घर के अंदर चारों तरफ सामान बिखरा हुआ पड़ा था वही अलमारी के अंदर रखें स्वयं के 50000 तथा बड़े भाई रमाकांत के डेढ़ लाख रुपए अर्थात दो लाख रुपए नगद तथा बक्से में रखे लाखों के जेवरात गायब मिले पीड़ित ने सोने चांदी के सभी आभूषणों की कीमत लगभग 15 लाख बताई प्रार्थना पत्र स्वीकृत करते हुए बकेवर थाना प्रभारी दिवाकर सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए मुकदमा दर्ज किया तथा अज्ञात चोरों की खोजबीन प्रारंभ की

## 12 लाख की ब्रांडेड कंपनियों की नकली वायर जब्त

**छह नामी कंपनियों के 292 वायर बॉक्स बरामद; पानीपत से लाकर मेरठ में बेचता था**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली विद्युत वायर बेचने का कारोबार खूब फल फूल रहा है। रेलवे रोड पुलिस और चंडीगढ़ की कंपनी की जांच टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब 11 से 12 लाख रुपए कीमत की कथित नकली वायर बरामद की है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसने पूछताछ में खुलासा किया कि वह यह माल पानीपत की एक फैक्ट्री से लाकर मेरठ के बाजारों में खपाता था, जिससे उसे अच्छा-खासा मुनाफा होता था। चंडीगढ़ की स्पीड सर्च एंड सिक्योरिटी नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड को सूचना मिली थी कि मेरठ में पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशन इंडिया, वी-गार्ड, पॉलीकैब, हैवेल्स, ग्रेट व्हाइट और आरआर केबल समेत कई प्रतिष्ठित कंपनियों के नाम पर नकली वायर बाजार में बेची जा रही हैं। सूचना के बाद कंपनी की टीम ने गोपनीय जांच शुरू की। टीम ने जल्द ही उस ठिकाने को ढूंढ लिया, जहां से यह काला कारोबार चल रहा था। रेलवे रोड इलाके से पकड़ा आरोपी 23 जुलाई की देर रात ऑपरेशन मैनेजर सौमित सिंह आर्य के नेतृत्व में टीम ने रेलवे रोड क्षेत्र में निगरानी के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोक लिया। उसके पास मौजूद बड़े प्लास्टिक बैग की तलाशी लेने पर विभिन्न ब्रांडों के वायर बॉक्स बरामद हुए। सूचना पर रेलवे रोड पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।पास से हैवेल्स के 54, ग्रेट व्हाइट के 32, वी-गार्ड के 56, पॉलीकैब के 38, आरआर के 58 और एंकर के 54 वायर बॉक्स बरामद हुए। कुल 292 बॉक्स की बाजार कीमत करीब 11 से 12 लाख रुपये आंकी गई है।

## सगे पिता ने नाबालिक बेटी के साथ दुष्कर्म करने का किया प्रयास मुकदमा दर्ज

**रिश्ता हुआ तार तार मां के पहुंचने पर बची बेटी की इज्जत**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में सगे पिता ने बेटी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करते हुए रिश्तो को तार-तार कर दिया पीड़ित बेटी की मां एवं परिजनों ने नजदीकी थाना किशनपुर में लिखित तहरीर देते हुए हैवान पिता को दंड देने के लिए न्याय की गुहार लगाई तहरीर देते हुए पीड़िता ने बताया कि विगत दिवस शनिवार शाम समय हैवान पिता ने घटना को अंजाम देने का प्रयास किया जहां घर में 11 वर्षीय बेटी तथा पिता मौजूद था नाबालिक बेटी की मां मेहनत मजदूरी के लिए धान की रोपाई करने हेतु खेतों में गई थी सूना समय पाकर पिता ने घर में मौजूद 11 वर्ष की बेटी के साथ कुकृत्य करने का पूर्ण प्रयास किया सौभाग्य रहा कि मां उसी समय खेतों से वापस आकर घर पहुंच गई बेटी ने अपनी मां को पूरी घटना कह सुनाई वहीं सूचना मिलने पर मां तथा परिजनों ने नजदीकी थाना किशनपुर पुलिस प्रशासन को सूचना दी सूचना मिलने पर पहुंचे थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने नाबालिक बेटी से जानकारी ली तथा मां द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की हुई मौत मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के खजुहा कस्बे में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय युवक की मौत हो गई। ब्लॉक मुख्यालय के सामने अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो जाने से परिवार में मातम छा गयाजानकारी के अनुसार, मृतक नरेंद्र पुत्र स्वर्गीय राम सजीवन, निवासी शुक्लन गली, खजुहा कस्बा, रविवार सुबह किसी कार्य से निकले थे। इसी दौरान ब्लॉक मुख्यालय के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान नरेंद्र के रूप में की। बताया जा रहा है कि नरेंद्र मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और अक्सर घर से बाहर घूमते रहते थे।घटना की सूचना मिलते ही बिंदकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कचहरी के बाहर पति-पत्नी में मोबाइल को लेकर हंगामा

**सड़क पर हुई बहस, कोर्ट से निकलने के बाद शुरू हुआ विवाद; पुलिस ने पहुंचकर कराया शांत**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , कचहरी के बाहर देर शाम पति-पत्नी के बीच मोबाइल फोन को लेकर विवाद सड़क पर हंगामे में बदल गया। दोनों के बीच बीच सड़क पर हुई तीखी बहस और धक्का-मुक्की का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सूचना पर डायल-112 और सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को अलग कर मामला शांत कराया।

### कोर्ट में चल रहा है वैवाहिक विवाद

पुलिस के अनुसार, युवक और युवती पति-पत्नी हैं और उनके बीच लंबे समय से वैवाहिक विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। दोनों सुनवाई के लिए मेरठ कचहरी पहुंचे थे। सुनवाई खत्म होने के बाद जब दोनों बाहर निकले तो आपसी सामान लौटाने को लेकर बातचीत शुरू हुई।

### शादी में दिए मोबाइल की मांग पर बढ़ा विवाद

बताया गया कि महिला ने पति से शादी के समय उपहार में दिया गया मोबाइल फोन वापस मांगा। पति के इनकार करने पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कुछ ही देर में विवाद बढ़कर सड़क पर हंगामे में बदल गया और दोनों के बीच धक्का-मुक्की की नौबत आ गई। मौके पर बड़ी संख्या में राहगीर जुट गए।मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिसघटना की सूचना किसी राहगीर ने डायल-112 पर महिला के साथ मारपीट होने की जानकारी देकर दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अलग कर स्थिति नियंत्रित की।

## तेजस्वी सूर्या बोले-छात्रों को राजनीति नहीं, सिस्टम में बदलाव चाहिए

### गाजियाबाद में भाजपा सांसद ने कहा- पेपर लीक पर संसद में चर्चा को सरकार तैयार

अमन लेखनी समाचार



लोनी3, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने गाजियाबाद में कहा कि छात्र राजनीति नहीं, बल्कि परीक्षा प्रणाली में सुधार चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक चाहे किसी भी राज्य या केंद्र की परीक्षा में हो, इसे रोकने के लिए मजबूत व्यवस्था बननी चाहिए और भाजपा इस मुद्दे पर संसद में चर्चा के लिए तैयार है। एक निजी कॉलेज में कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की बात कही है। इसे परीक्षा प्रणाली में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### तेजस्वी बोले- पेपर लीक पूरे देश की समस्या

तेजस्वी सूर्या ने कहा कि वह कर्नाटक से आते हैं, जहां पिछले तीन वर्षों में चार परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक किसी एक राज्य का नहीं, बल्कि पूरे देश का मुद्दा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह पहले राजस्थान में भी पेपर लीक के विरोध में आंदोलन में शामिल हो चुके हैं।

### छात्रों को चाहिए जवाब, राजनीति नहीं

उन्होंने कहा कि छात्र चाहते हैं कि भविष्य में पेपर लीक की घटनाएं दोबारा न हों। उनकी मांग है कि परीक्षा प्रणाली पारदर्शी और भरोसेमंद बने। छात्रों को इस मुद्दे पर जवाब चाहिए, राजनीति नहीं। भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा संसद में इस विषय पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा से बच रहा है। उनके मुताबिक सरकार समाधान चाहती है, जबकि विपक्ष इस मुद्दे को लंबा खींचना चाहता है।

### छात्रों से संवाद को तैयार है भाजपा

तेजस्वी सूर्या ने कहा कि भाजपा पहले भी स्पष्ट कर चुकी है कि वह छात्रों से बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भी छात्रों को बुलाकर उनकी बात सुनी थी। उनके अनुसार यह किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि देश के करोड़ों छात्रों के भविष्य से जुड़ा विषय है और इसका स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए।

## जगन्नाथ रथ हाईटेंशन लाइन से टकराया, युवक की मौत

### मेरठ में बारिश के बीच हादसा, 11 श्रद्धालु झुलसे, 2 हजार लोग मौजूद थे

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान रथ 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से छू गया। करंट लगने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई। 11 लोग झुलस गए। हादसा परीक्षितगढ़ कस्बे में हुआ। बारिश के बीच यह रथयात्रा निकाली जा रही थी। इसमें करीब 2 हजार श्रद्धालु शामिल थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करंट उतरते ही रथ पर सवार कई लोग नीचे गिर पड़े। मौके पर चीख-पुकार मच गई। भगदड़ जैसे हालात बन गए। श्रद्धालु जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। शाम को हुआ था कथा का समापनपरीक्षितगढ़ कस्बे के ओम पब्लिक स्कूल में जगन्नाथ भगवान की शोभायात्रा और कथा का कार्यक्रम था। पांच दिन पहले नगर में भगवान जगन्नाथ की धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई थी। इसके बाद महाराज रोहित रिसालिया वृंदावन द्वारा कथा का आयोजन किया जा रहा था। हर को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा बैंड बाजों के साथ नगर में निकाली गई। यात्रा शुरू होते ही यह हादसा हो गया।

### बिना पूजा अर्चना शुरू कर दी रथ यात्रा

रथ पर भगवान जगन्नाथ विराजमान हो चुके थे। पूजा अर्चना की तैयारी चल रही थी, ताकि विधिवत रथयात्रा शुरू हो सके। इसी दौरान कुछ लोग बारिश शुरू होते ही रथ की रस्सी को खींचकर ले जाने लगे। कुछ श्रद्धालुओं ने इसका विरोध किया, लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी। वह रजवाहे की पटरी की तरफ रथ को लेकर जाने लगे। यहां रथ की चोटी ऊपर से गुजर रही 11000 की हाईटेंशन लाइन में छू गई और करंट उतर आया।

### एक युवक की मौत, 11 श्रद्धालु झुलसे

हादसे में परीक्षितगढ़ का रहे वाला सचिन (30) गंभीर रूप से झुलस गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, झुलसे 11 श्रद्धालुओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।सचिन मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाता था। उसके पिता नंदकिशोर भी मजदूरी करते हैं। परिवार में मां, छोटा भाई विशाल और दो बहनें प्राची व विशाखा हैं। सचिन की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। झुलसे लोगों में प्रियांशु, विवेक, मनीष निवासी औरंगाबाद, शिवम, यश, पीहू निवासी परीक्षितगढ़, निमेष निवासी अहमदपुरी, महाराज भरतदास लखीमपुर खीरी, राजेश मिश्रा समेत 11 हैं।

## ग्रेटर नोएडा में युवक की हत्या

**कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी से रात में हुआ था झगड़ा, अस्पताल में तोड़ा दम**

अमन लेखनी समाचार




गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में रात में एक युवक की नुकीले हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। यह वारदात दो व्यक्तियों के बीच हुए विवाद के बाद हुई। हमले में आरोपी भी घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कासना थाना प्रभारी ने बताया कि देर रात डॉयल-112 के माध्यम से सिरसा गोल चक्कर के पास सर्विस रोड पर दो व्यक्तियों के बीच विवाद की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि विवाद में दोनों व्यक्ति घायल हो गए थे, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान बरेली निवासी सुरेश के रूप में हुई है। उसके शरीर पर नुकीले हथियार से वार के निशान पाए गए हैं।पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी नरेश और मृतक सुरेश एक ही कंपनी में अलग-अलग यूनिट में काम करते थे। नरेश के संपर्क में रही एक महिला अब सुरेश से बात करती थी, इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

## बेकाबू केंटर अज्ञात वाहन से टकराया, 1 युवक की मौत

### साथी गंभीर घायल, ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा

अमन लेखनी समाचार



जेवर , ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर रात 12 बजे एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने शाम 3 बजे केंटर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस के अनुसार, कानपुर देहात के टिंगुआ निवासी राजकिशोर ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रात वह गांव के चालक अशोक और साथी ललित के साथ जालौन से केंटर में सामान लेकर दिल्ली जा रहे थे। दनकौर क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के 18वें किलोमीटर पर चालक अशोक को अचानक नींद की झपकी आ गई।इससे केंटर अनियंत्रित होकर आगे चल रहे एक अज्ञात वाहन से टकरा गया। हादसे में ललित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक अशोक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## 10 बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

### यमुना खादर क्षेत्र में छिपाते थे बाइक, चेचिस और इंजन नंबर को मिटा देते है

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,थाना सेक्टर-126 पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 10 दोपहिया वाबहन बरामद किए गए। इनके नाम विकास कुमार निवासी खोड़ा, रोहित निवासी सेक्टर-101 और कुलदीप निवासी बुलंदशहर है। ये दिल्ली एनसीआर के शहरों को टारगेट करते है। इन लोगों ने एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि बदमाश विकास कुमार, रोहित और कुलदीप एक संगठित वाहन चोर गिरोह है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय रहकर दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। ये तीनों मॉल, अस्पताल, मेट्रो स्टेशन, बाजार और आवासीय क्षेत्रों के बाहर खड़े वाहनों की रेकी कर मौका मिलते ही उन्हें चोरी कर लेते है इन चोरों के पास से बरामद की गई बाइक इन चोरों के पास से बरामद की गई बाइक

### चेचिस और इंजन नंबर मिटा देते

चोरी किए गए वाहनों को सुनसान जगहों पर छिपाकर रखते है। पहचान छिपाने के लिए उनके इंजन नंबर एवं चेसिस नंबर को घिसकर मिटा देते है। मौका पाकर इन्हें सस्ते दामों पर बेच देते है। गिरोह का सरगना विकास कुमार अपने पास अवैध तमंचा एवं कारतूस रखता है। चोरी किए गए ।

# मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना सहित छह योजनाओं का मिलेगा लाभ।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। सहायक निदेशक मत्स्य, सोनभद्र ने जनपद के इच्छुक मत्स्य पालकों एवं आमजन को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। विभागीय पोर्टल ँ३३स्रः//प्रँ३१२.४स्र.ॅ्न५.ल्ल दिनांक 16 जुलाई 2026 से 31 जुलाई 2026 तक आवेदन के लिए खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि आवेदन मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम स्थापना योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मोपेड विद आइस बॉक्स परियोजना, माता सुकेता महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत श्रेणी-1, 2 एवं 3 के जलाशय वाले जनपदों में केज स्थापना, अन्तदेर्शीय खारे जल क्षेत्रों में मत्स्यकी के विकास हेतु नये तालाब निर्माण एवं प्रथम वर्ष निवेश योजना, उत्तर प्रदेश में मोती संवर्धन योजना तथा विशिष्ट प्रजाति की मत्स्य हैचरी स्थापना योजना के लिए किए जा सकते हैं।

### विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध हैं सभी दिशा-निर्देश

सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि योजनाओं का विस्तृत विवरण, इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेख तथा अन्य दिशा-निर्देश विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध हैं। पूर्व वर्षों में जिन आवेदकों के आवेदन निरस्त हो गए थे अथवा प्रतीक्षारत हैं, वे भी पुनः ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि भविष्य में किसी योजना में संशोधन किया जाता है तो संशोधित प्रावधान स्वतः प्रभावी होंगे।

### अधिक जानकारी के लिए यहां करें संपर्क

योजनाओं से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, द्वितीय तल, विकास भवन, सोनभद्र में कार्यालय अवधि के दौरान संपर्क कर सकते हैं। सहायक निदेशक मत्स्य ने अधिक से अधिक पात्र मत्स्य पालकों एवं इच्छुक लाभार्थियों से समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# छह फीट लंबे इंडियन रैट स्नैक का वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। तहसील गरौठा के ब्लॉक बामौर अंतर्गत ग्राम कचीर में महीपत अहिरवार के मकान की छत के पास करीब छह फीट लंबा सर्प दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीण राजेश अहिरवार ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय वनाधिकारी जगदंबा पाठक के निर्देशन में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सर्प मित्र मयंक ठाकुर ने सुरक्षित रेस्क्यू कर सर्प को पकड़ लिया। मयंक ठाकुर ने बताया कि पकड़ा गया सर्प इंडियन रैट स्नैक था, जो सामान्यतः विषहीन होता है। रेस्क्यू के दौरान सर्प को हल्की चोट लग गई थी, जिसका उपचार करने के बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। वन विभाग ने लोगों से अपील की कि सर्प दिखाई देने पर घबराएं नहीं और तत्काल वन विभाग को सूचना दें।

# हरियाणा को मिली नई मुख्य पोस्टमास्टर जनरल मनीषा बंसल बादल ने संभाला कार्यभार

अमन लेखनी समाचार



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय डाक सेवा (आईपीओएस) की 1999 बैच की वरिष्ठ अधिकारी मनीषा बंसल बादल ने 16 जुलाई 2026 को हरियाणा सर्कल की मुख्य पोस्टमास्टर जनरल (सीपीएमजी) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के साथ ही उन्होंने हरियाणा परिमंडल के सभी 11 डाक मंडलों के कार्यों की समीक्षा कर प्रत्येक क्षेत्र में कार्यक्षमता बढ़ाने और सेवाओं के विस्तार के लिए नई कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मनीषा बंसल बादल का शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सफर अत्यंत उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने एमसीएम डीएवी कॉलेज, चंडीगढ़ से कला स्नातक (ऑनर्स) तथा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से अंग्रेजी साहित्य में परास्नातक दोनों परीक्षाएं स्वर्ण पदक के साथ उत्तीर्ण कीं। इसके बाद उन्होंने केएमवी, जालंधर तथा डीएवी कॉलेज, बठिंडा में अंग्रेजी साहित्य का अध्यापन किया। वर्ष 1999 में उन्होंने पहले ही प्रयास में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय डाक सेवा में प्रवेश किया। मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में दिव्यांग-अनुकूल अधोसंरचना विकसित करने संबंधी उनकी परियोजना को 'सर्वोत्तम परियोजना पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। वर्ष 2001 में करनाल में प्रवर अधीक्षक डाकघर के रूप में पहली नियुक्ति के दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों तक बचत बैंक और ग्रामीण डाक जीवन बीमा सेवाएं पहुंचाकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई तथा वित्तीय समावेशन में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'आदर्श नागरिक अवॉर्ड' प्राप्त किया। वर्ष 2007 से 2014 तक हरियाणा में निदेशक डाक सेवाएं रहते हुए उन्होंने प्रदेश के सभी डाकघरों के कंप्यूटरीकरण और आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाद में पंजाब में निदेशक डाक सेवाएं तथा दिसंबर 2019 से पंजाब पश्चिमी क्षेत्र की पोस्टमास्टर जनरल के रूप में कार्य करते हुए अंतरराष्ट्रीय डाक राजस्व और आधार आधारित सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित की। जुलाई 2024 से जुलाई 2026 तक नई दिल्ली स्थित डाक भवन में महाप्रबंधक (नागरिक केंद्रित सेवाएं एवं ग्रामीण व्यवसाय) के रूप में उन्होंने कई महत्वपूर्ण पहल कीं। इस दौरान पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई), बीएसएनएल, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) तथा भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) सहित अनेक संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापनों के माध्यम से डाक विभाग की सेवाओं का व्यापक विस्तार किया। उनके नेतृत्व में नागरिक-केंद्रित सेवाओं से डाक विभाग के राजस्व में वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बीच 162 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल के रूप में हरियाणा में उनकी नियुक्ति से डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण, डिजिटल सेवाओं के विस्तार, वित्तीय समावेशन और नागरिक-केंद्रित योजनाओं को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

खास समाचार

# खेत पर विरासतन नाम दर्ज किसी का कब्जा किसी का

**अजब सिस्टम - लचर व्यवस्था पीड़ित परेशान**



अमन लेखनी समाचार

गुरसराय (झाँसी) नगर के कटरा मोहल्ले की निबासी इंदिरा वर्मा के पिता गौरीशंकर अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए दर -दर की ठोकरे खा रहे हैं,, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है जिससे दबंगो के हौसले बुलंद है ! गुरसराय थाने में भी उन्होंने इसकी शिकायत की है साथ ही मुख्यमंत्री से लेकर उच्च अधिकारियों को भी इस बारे में उन्होंने अवगत कराया है उन्होंने प्रार्थना पत्र के माध्यम से कहा है कि 515/ 517 और 90 नंबर मौजा मडोरी तहसील गरौठा जिला (झाँसी) की जमीन पर इंदिरा वर्मा के जेठ रामस्वरूप व लखनलाल ने जबरन कब्जा कर लिया है और फर्जी वसीयतनामा करा लिया है ! जिसको लेकर गरौठा तहसील में मुकदमा चल रहा था जिसका केस इंदिरा वर्मा जीत गई थी, लेकिन इसके बाद भी विपक्षियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई और अब इंदिरा बर्मा ने अपनी विरास्तन जमीन पाने के लिए उच्चाधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है !

# कार की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**23 जुलाई को सड़क हादसे में हुआ था गंभीर घायल**

अमन लेखनी समाचार

संडीला। संडीला कोतवाली क्षेत्र के बेगमगंज गांव निवासी एक युवक की सड़क हादसे में घायल होने के चार दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में मातम पसरा है। मृतक के पिता ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, बेगमगंज गांव निवासी अखिलेश 23 जुलाई को पैदल बाग से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल अखिलेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर में कई दिनों तक उनका इलाज चलता रहा, लेकिन रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। अखिलेश अविवाहित थे और चार भाइयों व तीन बहनों में तीसरे नंबर पर थे। उनके निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के पिता राजेंद्र प्रसाद ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ संडीला कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। फरार वाहन चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# राहुल गांधी व कांग्रेस की मुहिम रंग लाई, केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा: मधुसूदन बावेजा

अमन लेखनी समाचार

कुरुक्षेत्र। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बावेजा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा छात्रों के मुद्दों को लगातार उठाने का परिणाम है।

# खाद की है पर्याप्त उपलब्धता, तकनीकी समस्या जल्द होगी दूर

**वितरण संबंधी शिकायतों को लेकर डीएम सख्त**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। खरीफ सीजन में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने व्यापक इंतजाम किए हैं। सरकार के निर्देश पर जनपद सोनभद्र की सहकारी समितियों और अधिकृत खाद केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का भंडारण कराया गया है, ताकि धान सहित अन्य खरीफ फसलों की बुवाई के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से खेती-किसानी को हर स्तर पर मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में खरीफ सीजन के लिए यूरिया, डीएपी और एनपीके उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए सभी सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं पर नियमित निगरानी रखी जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि खरीफ फसल के लिए जनपद में यूरिया का कुल 11156 व फास्फेटिक का कुल 5697 मीट्रिक टन वितरण का लक्ष्य है। जबकि जुलाई माह में 3459 मीट्रिक टन यूरिया व 2894 मीट्रिक टन फास्फेटिक का वितरण करने का लक्ष्य है जिसके सापेक्ष 3315 मीट्रिक टन यूरिया व 3605 मीट्रिक टन फास्फेटिक का वितरण किया जा चुका है। बिक्री केंद्रों में 1168 मीट्रिक टन यूरिया व 1553 मीट्रिक टन फास्फेटिक का स्टाक है जबकि 4563 मीट्रिक टन यूरिया व 1535 मीट्रिक टन फास्फेटिक का बफर स्टॉक पीसीएफ है। उन्होंने बताया कि खाद वितरण के दौरान कुछ स्थानों पर तकनीकी खामी की सूचना मिली थी, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही वितरण व्यवस्था को सुचारु एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

### अधिकारी समितियों का नियमित करें निरीक्षण

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी सहकारी समितियों और उर्वरक विक्रेताओं पर नियमित निरीक्षण किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद का वितरण निर्धारित नियमों के अनुसार हो। यदि कहीं कृत्रिम अभाव पैदा करने, कालाबाजारी या ओवररेटिंग की शिकायत मिलती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनपद के किसानों से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और आवश्यकता के अनुसार निकटतम सहकारी समिति या अधिकृत खाद केंद्र से ही उर्वरक प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है खरीफ सीजन के दौरान खाद की किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# आधुनिक बारात घर का भूमि पूजन एवं शिलान्यास सदर विधायक द्वारा संपन्न

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज, विकासखंड सिसवा की ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर एकडंगा में शनिवार को परफॉर्मेंस ग्रांट के अंतर्गत लगभग 3.50 करोड़ की लागत से बनने वाले आधुनिक बारात घर का भूमिपूजन एवं शिलान्यास सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया के हाथों संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक जयमंगल कनौजिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। अपने संबोधन में जयमंगल कनौजिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि लक्ष्मीपुर एकडंगा में बनने वाला यह आधुनिक बारात घर ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक परिसंपत्ति सिद्ध होगा। यहां विवाह, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रम बेहतर व्यवस्था के साथ आयोजित किए जा सकेंगे। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने पर बल देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े प्रत्येक कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा ने कहा कि यह परियोजना परफॉर्मेंस ग्रांट के अंतर्गत जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि लगभग 3.50 करोड़ की लागत से बनने वाला यह बारात घर आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे ग्राम पंचायत के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। परियोजना का निर्माण कार्य नालंदा इंजिकान प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बारात घर के निर्माण से क्षेत्र में सामाजिक आयोजनों के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी और स्थानीय विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा, निर्वतमान प्रधान एवं घुघली ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री ओमप्रकाश जायसवाल, ग्राम पंचायत के प्रशासक अमेरिका, ग्राम पंचायत सचिव योगेश मद्धेशिया, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# श्रीराम राजा सरकार सिद्धपीठ हनुमान मंदिर परिसर में हुआ वृक्षारोपण

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। गरौठा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कचीर स्थित श्रीराम राजा सरकार सिद्धपीठ हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश तिवारी ने लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमंत यादव ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम में गुलजारी जायसवाल, हरदयाल प्रजापति, भगवानदास, प्रभात सिंह परिहार, जसपाल पांचाल, रामबाबू यादव, अनिकेत तिवारी, शिवम परिहार एवं रोहित परिहार सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# श्रावण मास की तैयारियों का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया स्थलीय निरीक्षण

**रामसरोवर से कांवड़ मार्ग पर लगभग 5 किलोमीटर तक होगी लाइटिंग व्यवस्था, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को दिए निर्देश**

**विजयगढ़ दुर्ग में रामसरोवर तक प्रकाश, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश।**

**कांवड़ियों की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता, शासन की मंशा के अनुरूप हों सभी व्यवस्थाएं।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने आज ऐतिहासिक विजयगढ़ दुर्ग एवं रामसरोवर का स्थलीय निरीक्षण कर कांवड़िया श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विजयगढ़ दुर्ग तक जाने वाली सीढ़ियों के ऊपर स्थित प्रवेश द्वार की आवश्यक मरम्मत शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को विजयगढ़ दुर्ग की सीढ़ियों से रामसरोवर तक पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देशित किया कि रामसरोवर से जल भरकर जिस लगभग 5 किलोमीटर लंबे मार्ग से कांवड़िया श्रद्धालु वापस अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे, उस पूरे मार्ग पर समुचित लाइटिंग की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराई जाए, ताकि रात्रिकाल में भी श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि रामसरोवर आने वाले कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। प्रमुख स्थलों एवं मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराई जाएं। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि विजयगढ़ दुर्ग, रामसरोवर एवं संपूर्ण कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक एवं पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। प्रमुख स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी, संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी, रात्रिकालीन गश्त तथा प्रभावी यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था ऐसी हो कि प्रत्येक श्रद्धालु स्वयं को सुरक्षित महसूस करे तथा कांवड़ यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं निर्बाध रूप से संपन्न हो। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बगीश कुमार शुक्ल, जिला पंचायत राज अधिकारी नमित शरण, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, पुलिस विभाग के अधिकारीगण, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# संचारी एवं दस्तक अभियान में तेजी, उच्च जोखिम वाले गांवों में विशेष सफाई एवं स्वास्थ्य सर्वे जारी

**जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम हेतु व्यापक अभियान संचालित।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। में संचारी रोगों की रोकथाम एवं जनस्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर 01 जुलाई, 2026 से संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई, 2026 से दस्तक अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निदेर्शानुसार उच्च जोखिम वाले ग्रामों में माइक्रोप्लान के अनुरूप विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में सफाईकर्मी, पंचायत सहायक, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां तथा ग्राम प्रधान सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों को संक्रामक रोगों से बचाव, स्वच्छता एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गांवों में झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, खराब हैंडपंपों का चिन्हीकरण एवं मरम्मत, शौचालय निर्माण, फॉगिंग तथा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। अब तक 2,416 स्थानों पर झाड़ियों की कटाई, 2,421 हैंडपंपों की मरम्मत, 1,031 हैंडपंप चबूतरों की मरम्मत, 638 शौचालयों का निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों में 1,340 तथा शहरी क्षेत्रों में 1,397 नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त ग्राम सभाओं, प्रभात फेरियों एवं कृतंक नियंत्रण संबंधी गोष्ठियों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। दस्तक अभियान के तहत घर-घर स्वास्थ्य सर्वेक्षण कर अब तक 4,843 बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की गई है तथा 4,757 लोगों की आरडीटी किट से जांच की गई, जिनमें 9 मलेरिया संक्रमित पाए गए। इसके अतिरिक्त 528 आईएलआई (खांसी-जुकाम) के लक्षणयुक्त तथा 172 क्षय रोग के संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं जांच के लिए संदर्भित किया गया। साथ ही डायरिया के 119 संभावित रोगियों की भी पहचान की गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि अभियान को पूरी गंभीरता के साथ संचालित करते हुए स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं रोगियों की समयबद्ध पहचान एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद को संचारी रोगों से सुरक्षित रखा जा सके।


# फूलन देवी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



अमन लेखनी समाचार

झांसी। मऊरानीपुर रोड स्थित ओरछा तिगेला पर डॉ. सुभाष रायकवार की क्लीनिक में पूर्व सांसद एवं बैंडिट क्वीन के नाम से प्रसिद्ध फूलन देवी की पुण्यतिथि (शहादत दिवस) पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके संघर्षपूर्ण जीवन और अन्याय एवं अत्याचार के विरुद्ध किए गए संघर्ष को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि फूलन देवी ने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष कर समाज के वंचित और पीड़ित वर्ग की आवाज बुलंद की। उनके साहस और संघर्ष को आज भी लोग प्रेरणा के रूप में याद करते हैं। इस अवसर पर अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष भारत सिंह पटेल, एकलव्य सेना के बुंदेलखंड मंडल अध्यक्ष डॉ. सुभाष रायकवार, अपना दल (एस) के जिला महासचिव रामपाल, राजू यादव (मामा जी), बादल कुशवाहा, प्रह्लाद रायकवार, प्रीति रैकवार, नारायण दास रैकवार (पचवारा), राजकुमार रायकवार (विधानसभा महासचिव, बबीना), हरिश्चंद्र रैकवार (कश्यप निषाद संगठन, बबीना विधानसभा अध्यक्ष), भज्जू उर्फ रामप्रसाद, चंदन सिंह (जिला सचिव, अपना दल एस, झांसी), राजेंद्र रैकवार, संजय रैकवार, नीरत रायकवार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# प्रतीक गांधी की फिल्म 'घमासान' का टीजर जारी

मुंबई। जी5 ने अपनी ओरिजनल फिल्म 'घमासान' का ऐलान किया है, जिसमें प्रतीक गांधी मुख्य किरदार में हैं। तिग्मांशु धूलिया द्वारा निर्देशित इस क्राइम एक्शन-ड्रामा में अरशद वारसी खलनायक 'महाराज' के किरदार में नजर आए हैं। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियो और गोल्डन रेशियो फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। इसकी कहानी मध्य भारत के बीहड़ों की पृष्ठभूमि पर आधारित एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी (प्रतीक) और खूंखार डाकू सरगना (अरशद) के बीच आपसी टकराव पर आधारित है। इसका टीजर राजनीति, जातिगत समीकरण, अपराध, डर और सत्ता के दबदबे की झलक प्रस्तुत करता है। इसमें कानून और अपराध के बीच की सीधी टक्कर दिखाई गई है।

लाइफ Style

# साई
## फिल्म का पहला भाग दिवाली पर



मणिरत्नम की अनाम फिल्म में साई के साथ मुख्य किरदार में विजय सेतुपति नजर आएंगे। हाल ही में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कोलकाता यात्रा का वीडियो साझा करके फैंस के बीच उत्साह जगा दिया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

रणबीर कपूर की पौराणिक फिल्म 'रामायण' में साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म का पहला भाग दिवाली, 2026 के अवसर पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगा, जिसका इंतजार हर किसी को है। ताजा खबर है कि अब साई अपनी अगली परियोजना में जुट गई हैं, जिसका निर्माण दिग्गज निर्माता मणिरत्नम कर रहे हैं। फिल्म का नाम तय नहीं है, लेकिन परियोजना का ऐलान इसी साल एक आधिकारिक पोस्ट के जरिए किया गया था।

***विजय सेतुपति के साथ साई ने शुरू की शूटिंग :*** मणिरत्नम की अनाम फिल्म में साई के साथ मुख्य किरदार में विजय सेतुपति नजर आएंगे। हाल ही में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कोलकाता यात्रा का वीडियो साझा करके फैंस के बीच उत्साह जगा दिया। बताया जा रहा है कि साई और विजय शूटिंग के लिए शहर में पहुंचे हैं। हालांकि पहले उन्होंने चेन्नई में कलाकारों के साथ कई कार्यशालाओं में भाग लिया था। इससे पहले फिल्म की शूटिंग जून में होने की खबर भी आई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को रिलीज से पहले ही बड़ा डिजिटल सौदा मिल चुका है।

हॉलीवुड मसाला

# एबेनेजर: ए... से आई पहली झलक




लॉस एंजिल्स। जॉनी डेप अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जो हॉलीवुड में 8 साल बाद उनकी वापसी का प्रतीक है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने 23 जुलाई को अपनी आगामी फिल्म 'एबेनेजर: ए क्रिसमस कैरल' का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। इसमें वह 'एबेनेजर स्क्रूज' की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जिसकी झलक टीजर में दिखाई गई है। बता दें, जॉनी को आखिरी बार फिल्म 'फैंटास्टिक बीस्ट्स' (2018) में देखा गया था, जिसके बाद से वह सिनेमा से दूर थे।




# फिल्मी पर्दे पर लौटेगी 'हैरी पॉटर' की जादुई दुनिया...

लॉस एंजिल्स। जादू और रोमांच की दुनिया में ले जाने वाली लोकप्रिय फ्रैंचाइजी 'हैरी पॉटर' बड़े पर्दे पर फिर लौट रही है। इस हॉलीवुड फ्रैंचाइजी की पहली किस्त 'हैरी पॉटर और फिलॉस्फर्स स्टोन' 2001 में रिलीज हुई, जिसने 25 साल पूरे कर लिए हैं। फिल्म के सिल्वर जुबली वर्ष का जश्न मनाने के लिए वार्नर ब्रदर्स इसे बड़े पर्दे पर दोबारा से ला रहे हैं। दिलचस्प बात ये है कि फ्रैंचाइजी की सभी 8 फिल्में दोबारा से रिलीज की जाएंगी। 'हैरी पॉटर' निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर आधिकारिक पोस्ट साझा किया है, जिसमें बताया गया है कि सीरीज को विश्वस्तर पर दोबारा से रिलीज किया जा रहा है। इसके लिए दर्शक 31 जुलाई से टिकटों को खरीद सकते हैं।



# निर्देशक सुरेश की फिल्म में आएंगी नजर

मुंबई। मौनी रॉय को आखिरी बार वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में देखा गया था। ताजा अपडेट है कि उनके हाथ निर्देशक सुरेश कृष्णा की एक रोमांटिक फिल्म लगी है, जिसमें वह मुख्य किरदार में नजर आएंगी। दरअसल, फिल्म 'रॉकी- द रिबेल' (2006) बनाने के बाद, सुरेश करीब 20 साल बाद एक रोमांटिक फिल्म के जरिए हिंदी निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म का निर्माण प्रेरणा अरोरा करेंगी। एक इंटरव्यू में निर्देशक ने कहा, ऐसी शख्सियत जो मुख्य किरदार के भावनात्मक भार को सहजता, सुंदरता और दृढ़ विश्वास के साथ निभा सके। हम दोनों (मैं और प्रेरणा) को सहज रूप से लगा कि मौनी रॉय इसके लिए आदर्श विकल्प हैं। वह बेहद आकर्षक, सुरुचिपूर्ण और प्रतिभावान हैं।



# 'नागबंधनम' अब ओटीटी पर दी दस्तक...

मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा की पैन-इंडिया फिल्म 'नागबंधम' इसी महीने 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। करीब 21 दिनों बाद ही निर्माताओं ने इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मौजूद करा दिया है, जिससे लोगों के पीस वीकेंड पर इसका लुत्फ उठाने का खास मौका होगा। फिल्म ने दुनियाभर में 27.16 करोड़ रुपये का ग्रॉस कारोबार किया था। इसका निर्देशन अभिषेक नामा ने किया है, जिसमें विराट कर्ण, नाभा नतेश और ईश्वर्या मेनन मुख्य किरदारों में है। निर्माताओं ने पुष्टि की है कि 'नागबंधनम' 24 जुलाई, 2026 से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होना शुरू हो चुकी है। उन्होंने पोस्ट के साथ में कैप्शन लिखा, 'छिपे हुए खजानों को खोजने का सफर अब शुरू होता है।' ये एक माइथोलॉजिकल फैंटेसी एडवेंचर फिल्म है।

टीवी मसाला



# 'इंडियन आइडल 16' का ग्रैंड फिनाले आज, नहीं दिखेंगे विशाल ददलानी...

मुंबई। कई महीनों के परफॉर्मेंस, इमोशनल पलों और प्रेरणादायक कहानियों के बाद इंडियन आइडल सीजन 16 रविवार, 26 जुलाई को अपने ग्रैंड फिनाले के साथ खत्म होने वाला है। 'यादों की प्लेलिस्ट' थीम पर आधारित यह फिनाले संगीत, पुरानी यादों और जश्न से भरी शाम का वादा करता है, जिसमें छह फाइनलिस्ट में से कोई एक इंडियन आइडल की शानदार ट्रॉफी जीतेगा। हालांकि, 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड फिनाले में विशाल ददलानी नहीं दिखेंगे। उन्होंने खुद इसके पीछे की वजह भी बताई है। अंशिका चोनकर, ज्योतिर्मयी नायक, मनराज वीर सिंह, मायस्मे बोसू, सुहैल सूफी और तनिष्क शुक्ला ने पूरे सीजन में जजों और दर्शकों को प्रभावित करने के बाद कॉम्पिटिशन में जगह बनाई है। जज विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और बादशाह ने पूरे कॉम्पिटिशन के दौरान कंटेस्टेंट का मार्गदर्शन किया है, जबकि होस्ट आदित्य नारायण ने शो को हर पड़ाव पर आगे बढ़ाया है। ग्रैंड फिनाले में कई खास मेहमान भी शामिल होंगे। श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ जश्न मनाने के लिए उषा उत्थुप, उदित नारायण, पापोन, कुमार सानू, शहनाज गिल और उर्मिला मातोंडकर भी आएंगे, जिससे फिनाले और भी शानदार होने वाला है। विशाल लंबे समय से विवादों में बने हुए हैं और अब शो में अपनी गैरमौजूदगी के कारण चर्चा में हैं। जी हां, विशाल ददलानी इस शो के फिनाले में नजर नहीं आएंगे।


## 'नागिन 7' के लिए प्रियंका ने 12 घंटे की थी लगातार शूटिंग



मुंबई। टीवी एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने हाल ही में एकता कपूर की सुपरनैचुरल फैंटेसी सीरीज नागिन 7' में लीड रोल निभाकर लोगों का दिल जीता था। सीजन खत्म होने के बाद फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि फिल्ममेकर-कोरियोग्राफर फराह खान अपने पॉपुलर व्लॉग के लिए प्रियंका के घर कब जाएंगी। आखिरकार यह इंतजार खत्म हो गया। फराह के लेटेस्ट व्लॉग में प्रियंका ने 'नागिन 7' साइन करने को लेकर अपनी शुरुआती हिचकिचाहट के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने 'बैटलग्राउंड' और शो के बीच तालमेल बिठाते हुए 12 घंटे की लंबी शिफ्ट में काम किया। प्रियंका ने बताया कि उन्होंने शुरू में 'नागिन' के लिए मना कर दिया था। उन्होंने याद करते हुए कहा, 'एकता मैम ने मुझे बिग बॉस हाउस के अंदर ही नागिन का ऑफर दिया था। बाद में उन्होंने मुझे बताया कि जब दिवाकर बनर्जी कंटेस्टेंट्स को चुन रहे थे तो उन्होंने खास तौर पर उनसे कहा था कि मुझे एलिमिनेट न करें, क्योंकि वह मुझे किसी और चीज के लिए रखना चाहती थीं।

# 'राणाबाली' के लिए दिन-रात पसीना बहा रहे देवरकोंडा

मुंबई। विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म 'राणाबाली' को लेकर खूब चर्चा बटोर रहे हैं। इस पीरियड ड्रामा में उनके साथ रश्मिका मंदाना मुख्य किरदार में नजर आएंगी, जिसका टीजर साल की शुरुआत में आया था। हालिया अपडेट में बताया गया है कि विजय अपनी इस फिल्म के लिए कड़े प्रशिक्षण ले रहे है, जिसमें घुड़सवारी, हथियार और युद्ध कला कौशल भी शामिल है। अभिनेता द्वारा यह कड़ा प्रशिक्षण पर्दे पर बिल्कुल असली एक्शन दिखाने के लिए किया जा रहा है। एक इंटरव्यू में एक सूत्र ने कहा, इस भूमिका के लिए विजय ने गहन तैयारी में खुद को पूरी तरह से झोंक दिया। उन्होंने घुड़सवारी के मुश्किल प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया, नियंत्रण और फुर्ती में महारत हासिल की, साथ ही साथ हथियार चलाना, बंदूक चलाना और नकली गोलीबारी के प्रभावों के बीच अभिनय करना सीखा, और यह सब उन्होंने घोड़े पर सवार रहते हुए किया। उन्होंने बताया कि अभिनेता ने गहन शारीरिक परिवर्तन भी अपनाया है।




## 11 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी 'राणाबाली'

राहुल सांकृत्यान द्वारा निर्देशित पैन इंडिया फिल्म 'राणाबाली' इसी साल 11 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सूत्र ने बताया कि घुड़सवारी, उन्नत युद्ध तकनीक, हथियार चलाने का कौशल और एक गहन फिटनेस कार्यक्रम को मिलाकर, विजय ने खुद को नई सीमाओं तक पहुंचाया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर फ्रेम फिल्म के पैमाने और दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसके अलावा, उनकी आने वाली फिल्मों में 'राउडी जनार्दन' और 'वीडीएक्स शोरयुव' शामिल हैं।

# 'ओह माय डॉग' पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची, 7 बदलावों के बाद दिया प्रमाणपत्र

मुंबई। निर्देशक अमित राय की फिल्म 'ओह माय डॉग' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। पंकज त्रिपाठी अभिनीत इसका ट्रेलर इसी हफ्ते यूट्यूब पर जारी किया गया था, जिसे लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। ताजा अपडेट है कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने कुछ बदलावों के बाद इसकी रिलीज को हरी झंडी दिखा दी है। साथ में यू/ए रेटिंग के साथ प्रमाणपत्र भी दिया है, जिसके चलते कम उम्र के दर्शक फिल्म को माता-पिता के मार्गदर्शन में देख सकेंगे।

***फिल्म में संशोधन करने का निर्देश :*** बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, सेंसर बोर्ड ने फिल्म की जिन सामग्री पर आपत्ति जताई, उनमें 'ट्रूकॉलर' और 'डेटॉल' जैसे ब्रांडों के नाम शामिल है। एक अपशब्द को हटाया गया है। कुत्ते से जुड़े



एक दृश्य को 2 सेकेंड छोटा किया गया है, जबकि एक अन्य दृश्य में भगवान हनुमान के फोटो फ्रेम को धुंधला किया गया है। बोर्ड ने टीम को 2 अस्वीकरण जोड़ने का भी निर्देश दिया है, जिनमें से एक बाल श्रम और दूसरा मानव तस्करी पर है।

***बोर्ड के फैसले का निर्देशक ने किया सम्मान :*** एक इंटरव्यू में निर्देशक ने बोर्ड के निर्देश को व्यवहारिक बताया और कहा कि इस बार जिस तरह से काम हुआ है उससे वह खुश हैं। उन्होंने कहा, मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने मुझे ऐसे कट दिए हैं जो व्यवहारिक हैं। दरअसल, उनकी पिछली फिल्म 'ओएमजी 2' (2023) को लगभग 85 संशोधनों के बाद 'ए' प्रमाणपत्र दिया गया था। 'ओह माय डॉग' इस फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी है, जो 31 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अपूर्वा मुखीजा ने 'लॉक अप 2' में आते ही श्रद्धा को घेरा

मुंबई। अपूर्वा मुखीजा ने 'लॉक अप 2' में वाइल्डकार्ड बनकर एंट्री ली और बिना देर किए श्रद्धा को 2 मुंहा करार दिया। खाने की मेज पर माहौल तब गरमा गया, जब अपूर्वा ने श्रद्धा का एक वायरल वीडियो सामने रखा। यह वीडियो टायला के मुंबई कॉन्सर्ट का था, जहां श्रद्धा एक लड़के के कंधों पर नाच रही थीं। यह वीडियो पहले से ही इंटरनेट पर काफी चर्चा बटोर रहा था। श्रद्धा ने बताया कि वीडियो में जो लड़का था, वह उनके परिवार का हिस्सा था, कोई अनजान इंसान नहीं था। उनके बॉयफ्रेंड ऋषभ ने भी श्रद्धा का साथ दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि उन्हें अपनी प्रेमिका पर पूरा भरोसा है और उन्हें कभी भी उन पर शक करने की कोई वजह नहीं मिली। उन्होंने लोगों से श्रद्धा को नफरत भरे मैसेज भेजना बंद करने की अपील भी की।



# अगर नहीं देखीं मणिरत्नम की ये फिल्में, तो ओटीटी पर आज ही लें मजा

*मुंबई। भारतीय सिनेमा के दिग्गज निर्देशक मणिरत्नम अपनी शानदार कहानी कहने की शैली और यादगार फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने अपने लंबे करियर में कई ऐसी फिल्में बनाई हैं, जिन्हें दर्शकों और समीक्षकों दोनों का भरपूर प्यार मिला। उनकी फिल्मों मे दमदार कहानी, बेहतरीन निर्देशन और शानदार अभिनय का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है। ऐसे में आइए जानते है मणिरत्नम की उन बेहतरीन फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकते है।*

## 'पोन्नियिन सेल्वन 1,2' और 'बॉम्बे'

निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन' का पहले और दूसरे भाग को लोगो ने खूब पसंद किया था। इसमें ऐश्वर्या राय, विक्रम, कार्ति, जयम रवि, तृषा, शोभिता धूलिपाला और प्रकाश राज मुख्य भूमिका में हैं। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। फिल्म 'बॉम्बे' मुंबई दंगों और हिन्दू मुस्लिम की शादियों पर बनी है। इस फिल्म को हिंदी के साथ-साथ तेलुगु और मलयालम में भी रिलीज किया गया था। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## 'रोजा' और 'दिल से'

फिल्म 'रोजा' के निर्देशक मणिरत्नम हैं। अरविंद स्वामी और मधु की इस फिल्म की कहानी से लेकर गाने तक सुपरहिट हुए थे। इस फिल्म ने 1995 में बंपर कमाई की थी। इसका लुफ्त आप प्राइम वीडियो पर ले सकते हैं। फिल्म 'दिल से' एक हिट मूवी साबित हुई थी। इसमें शाहरुख खान, मनीषा कोइराला और प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में थे। इस सुपरहिट फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।



## 'गुरु'

साल 2007 में रिलीज हुई मणिरत्नम की फिल्म 'गुरु' में ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म के साथ-साथ दोनों की जोड़ी को भी लोगों ने खूब पसंद किया थ। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

# रणबीर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' दिवाली पर

*मुंबई। रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों मे रिलीज होने के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह है और इससे बॉक्स ऑफिस पर बड़े रिकॉर्ड बनाने की उम्मीद की जा रही है।*

